आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 268- ● जबलपुर ● बुधवार, 2 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## चेन्नई में भारी बारिश से दो लोगों की मौत

**चेन्नई, ईएमएस।** चेन्नई और आसपास के इलाकों में मंगलवार को हुई रिकॉर्ड बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। बारिश से जुड़े हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। उत्तरी चेन्नई में एक शख्स की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि इमारत के नीचे दबने से एक महिला की जान चली गई। तमिलनाडु में इन दिनों 1 सेमी से 9 सेमी तक के बीच पानी बरस रहा है।

## राशन घोटाले पर कार्यवाई 15 असफर सस्पेंड

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राशन वितरण पीओएस मशीनों के जरिए राशन बंटवा रही है। आधार नंबर लिंक करने और राशन लेने वाले व्यक्ति का पीओएस मशीन पर थंब इंप्रेशन लेने के बाद राशन दिया जा रहा है। लेकिन बावजूद इसके यहां राशन चोरी की जा रही थी। बताया जा रहा है इसी जांच के लिए गठित दल ने भी जांच में फर्जीवाड़ा कर दिया। दरअसल इस मामले में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में जिम्मेदार 7 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, जांच में गड़बड़ी करने वाले भी 8 अधिकारियों पर कार्रवाई की गई।।

# खाकी की फरियाद : रहम करो सरकार

## अवकाश नहीं, काम के घंटे भी तय नहीं, तो कैसे होगी सटीक पुलिसिंग

यशभारत विशेष

**जबलपुर, यशभारत। आम आदमी से लेकर खास तक, सभी को पुलिस सुरक्षा प्रदान करती है। बिना पुलिस के समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन सभी की फरियाद पर कार्रवाई करने वाली खाकी, आखिर अपनी फरियाद किसे सुनाए। ना ही काम के घंटे तय और ना ही अवकाश। लगातार अपराधियों और तस्करों आदि को दबोचने में जी जान अड़ाने वाले सिपाही से लेकर अधिकारियो की आम जिंदगी की तस्वीर स्याह रंग से भरी हुई है। ड्यूटी और जिदंगी में से किसी एक को चुनना सहज नहीं है। आम आदमी की समस्याओं को सुलझाने वाला पुलिस विभाग यदि स्वयं समस्याओं में उलझ जाए तो आखिर कैसे होगी स्मार्ट पुलिसिंग, यह प्रश्न यक्ष है।**

शासन- प्रशासन के हर आदेश का पालन करवाना पुलिस विभाग की अहम जिम्मेदारी है। इसके साथ ही जनता, अधिकारियों और माननीय न्यायलय के प्रति जबावदेह रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना किसी चुनौती से कम नही। लेकिन इस सब के बावजूद अपने परिजनों का ध्यान रखना और परिवार की जिम्मेदारी उठाना टेड़ी खीर है।



### अवकाश में फंसा पेंच

मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार के आने के साथ ही साथ पुलिस विभाग में वर्षों से लंबित अवकाश की व्यवस्था को चालू तो किया गया। लेकिन समय के साथ ही साथ सरकार बदलते ही स्थिति फिर बेपटरी हो गयी। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों से लेकर आरक्षक तक, बगैर छुट्टी के अपने कर्तव्यों को निभाते रहना, असहज है। अनेक बार पुलिस विभाग में अवकाश की मांग तो उठी लेकिन कर्मियों की कमी के चलते यह फिर दोबारा संभव ही नहीं हो पाया।

### 24 घंटे में 14 घंटे लगातार काम

पुलिस थानों में सामान्य व्यवस्था के तहत एक कर्मचारी की ड्यूटी सुबह 7 बजे से शुरु होती है। जो दोपहर में 2 बजे तक थाने में ड्यूटी देगा। उसके बाद दोबारा वह रात में 9 बजे आएगा और अगले दिन सुबह 7 बजे घर जाएगा। इस प्रकार से यदि लंच टाइम को छोड़ दिया जाए तो एक कर्मचारी 12 से लेकर 14 घंटे लगातार ड्यूटी करता है, जबकि यह आदर्श व्यवस्था के विपरीत है। इसी प्रकार थाने में थाना प्रभारी सुबह 10.30 बजे आते है और यदि सबकुछ ठीक रहा तो रात में एक बजे फ्री होते है। लेकिन यदि विपरीत परिस्थितियां निर्मित हुई तो थाना प्रभारी सहित सभी अधिकारी को तत्काल मौके पर उपस्थित होना होगा।

### पुलिस विभाग बनता जा रहा है बीमार

ड्युटी के घंटे निश्चित नहीं होने के कारण, लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने के कारण पुलिस कर्मचारियों और अधिकारी लगातर तनाव में है। जिस कारण स्वास्थ्य के लिहाज से हर दूसरा कर्मचारी बीमार है। यदि यही हाल रहा तो स्मार्ट पुलिसिंग की कवायद, केवल सपना मात्र बनकर रह जाएगी।

### 1 हजार 53 रुपये मिलता है एलाउंस

पुलिस विभाग में समान्यत :अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रति माह एक हजार 53 रपए एलाऊंस मिलता है। जिसमें फूड, सायकिल अलाऊंस शामिल है। तो वहीं अधिकारियों को तीन साल में एक बार 600 रुपये वर्दी अलाऊंस मिलता है और कर्मचारियों को 1650 किट एलाउसं रुपये प्रतिवर्ष भत्ता दिया जाता है। इस के अलावा वेतन का दस फीसदी हाउस रेंट भी दिया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक

# दीनदयालु महाराज हुए ब्रह्मलीन



**जबलपुर ,यश भारत।** विश्व विख्यात कथावाचक भागवत भूषण दीनदयालु महाराज का बुधवार को हरिद्वार में निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया है।वे विश्व विख्यात कथावाचक थे जिनके पूरे देश में ही नहीं विदेशों में भी लाखों की संख्या में भक्त हैं। दीन दयालु महाराज का जबलपुर से गहरा नाता रहा है और उनकी जन्मभूमि भी पनागर के पास स्थित है। इस कारण उनका शहर से गहरा लगाव था । आश्रम के लोगों की मानें तो हरिद्वार स्थित श्री ललिता आश्रम में महाराज की भागवत कथा चल रही थी जो मंगलबार को समाप्त हुई थी। जिसके बाद महाराज द्वारा अपने शिष्यों से प्रस्थान की बात भी कही गई थी और बुधवार को उनका देवलोक गमन हो गया।

## मुरैना जिले में भीषण सड़क हादसा

# बोलेरो और डंपर की भिड़ंत में 5 की मौत, 3 घायल



**मुरैना, ईएमएस।** मुरैना जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। बोलेरो और डंपर की टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना देर रात की है। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, नूराबाद थाना इलाके के नेशनल हाईवे 44 पर बीती रात यह भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि बोलेरो गाड़ी से कुछ लोग ग्वालियर से लौट रहे थे। वही पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और इस घटना में मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची ने इस घटना में गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज से पहले ही तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। इस घटना में कुल 5 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है यह सभी मृतक और घायल व्यक्ति नूराबाद थाना इलाके के बित्तोली गांव के रहने बाले हैं और बीती रात ग्वालियर से वापस अपने घर आ रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को नूराबाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और जांच जारी है।

## सीएम शिवराज की बड़ी घोषणा

# मध्य प्रदेश में लागू होगा पेसा एक्ट

**भोपाल, ईएमएस।** राजस्थान में आयोजित मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भगवान



बिरसा मुंडा की जयंती से मध्य प्रदेश में पेसा एक्ट लागू किया जायेगा। दरअसल सीएम शिवराज ने मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। मध्य प्रदेश इस अवसर पर जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण के लिए च्पेसा एक्टज्ज लागू करने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मानगढ़ के जनजातीय नायकों के सम्मान और उनकी पहचान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्य किया है।

## कश्मीरी पंडितों और मजदूरों को धमकाता था लश्कर कमांडर

# अवंतीपोरा एनकाउंटर में हुआ ढेर

**श्रीनगर, ईएमएस।** अवंतीपोरा में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में मुख्तार अहमद भट और पुलवामा का सकलैन मुश्ताक शामिल है। तीसरा आतंकी मुशफीक पाकिस्तान का रहने वाला था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, तीनों आतंकवादी राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास एक बड़े आतंकी हमले की योजना बना रहे थे।





आतंकियों के पास से एक एके-74 राइफल बरामद हुई है।जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, मुख्तार अहमद भट लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध द रेसिस्टेंस फ्रंट का कट्टर कमांडर था। पुलवामा का रहने वाला भट 18 अप्रैल को अपनी मौसी से मिलने के बहाने घर से निकलते समय लापता हो गया था।




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ED का समन

**रांची,एजेंसी।** ईडी ने अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 3 नवंबर को साढ़े 11



बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि ईडी को सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साहेबगंज स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान एक लिफाफा मिला था। बताया जाता है कि इसमें मुख्यमंत्री के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक था। 2 चेकबुक में मुख्यमंत्री का साइन मिलने की बात भी कही जा रही है। इसके अलावा प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान ईडी को उसके घर की आलमारी से 2 एके-47 राइफल और 60 गोलियां मिली थी। बताया जाता है कि ये हथियार जिन 2 कांस्टेबल के थे, वे मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में तैनात थे।

## वॉट्सऐप ने भी 26 लाख नंबर किए बंद

# भारत में ट्विटर के 52 हजार अकाउंट्स बैन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ट्विटर ने अपनी मंथली रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया है कि देश में 52,141 अकाउंट्स बैन कर दिए गए हैं। कंपनी का कहना है कि इनमें चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज, न्यूडिटी और उससे जुड़ी पोस्ट की जा रही थीं। ये अकाउंट्स 26 अगस्त से 25 सितंबर के बीच बंद किए गए हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने आतंकवाद का सपोर्ट करने वाले 1982 अकाउंट्स पर भी एक्शन लिया है। दूसरी तरफ मेटा ने देश में 26 लाख वॉट्सऐप नंबर बंद कर दिए हैं। कंपनी ने यह फैसला आईटी रूल्स 2021 के तहत उठाया है।भारतीय यूजर्स से 157 शिकायतें



मिली थी ट्विटर की तरफ से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे यूजर्स की ओर से 157 शिकायतें मिली थीं। इनमें ट्विटर अकाउंट सस्पेंशन की मांग हुई थी। कंपनी ने बताया है कि इन सभी को रिसॉल्व कर दिया गया है। इसके अलावा जरूरी रिस्पांस यूजर्स को भेज दिए गए। **सितंबर में वॉट्सऐप की 666 शिकायतें मिली** दूसरी तरफ मेटा ने मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप के लिए सितंबर 2022 की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में भारत में 26 लाख वॉट्सऐप नंबर बंद करने की बात कही गई है। सितंबर में नंबर बंद करने के लिए 666 शिकायतें मिली थीं। कंपनी के मुताबिक, इस मैसेजिंग ऐप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर और अधिक जिम्मेदारी के साथ संशोधित किया जा रहा है। देशभर में करीब 500 मिलियन यूजर्स हैं।

## हिंदुओं को मिलेगा अल्पसंख्यक का दर्जा?

# केंद्र सरकार ने सुको से मांगा समय कहा- यह संवेदनशील मामला

**,नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से उन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांगों पर विचार-विमर्श पूरा करने के लिए समय मांगा है, जहां उनकी संख्या दूसरों से कम हो गई है। केंद्र ने कहा है कि यह मामला काफी संवेदनशील है और इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय और अन्य की याचिकाओं के जवाब में सोमवार को दायर अपने चौथे हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि उसे इस मुद्दे पर अब तक 14 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों से टिप्पणियां मिली हैं। याचिकाकर्ताओं ने परामर्श प्रक्रिया की कानूनी पवित्रता पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में फैसले के बाद



केंद्र किसी को भी अल्पसंख्यक के रूप में अधिसूचित नहीं कर सकता है। सोमवार के दायर हलफनामे में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ परामर्श बैठकें की हैं। इन बैठकों में गृह मंत्रालय, कानूनी मामलों के विभाग- कानून और न्याय मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग- शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग (NCMEI) के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। केंद्र ने कहा, च्कुछ राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मामले पर अपनी राय बनाने से पहले सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया है। राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया था कि तात्कालिकता को देखते हुए इस मामले में उन्हें तेजी से कार्य करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य सरकार के विचारों को अंतिम रूप दिया गया है और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को जल्द से जल्द अवगत कराया गया है।ज्ज्केंद्र ने कहा,14 राज्य सरकारें जैसे पंजाब, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, ओडिशा, उत्तराखंड, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और 3 केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव और चंडीगढ़ ने अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। केंद्र ने कहा, चूंकि मामला संवेदनशील है और इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों और हितधारकों को सक्षम करने के लिए और अधिक समय देने पर विचार करने की आवश्यक्ता है।

# आवंला नवमीं पर पूजन, परिक्रमा कर की सुख-सौभाग्य व समृद्धि की कामना



जबलपुर, यशभारत। आज कार्तिक शुक्ल नवमी है। इस खास दिवस को आंवला नवमी या अक्षय नवमी के नाम से जाना जाता है। आज महिलाएं व्रत रखते हुए सुख-सौभाग्य व समृद्धि की कामना से आंवले के वृक्ष पूजा की । महिलाओं बुधवार को आंवला पेड़ की पूजा अक्षत, पुष्प, चंदन, पीला धागा, मौली धागा लपेटकर कर 108 बार परिक्रमा की और वहीं खीर, पूड़ी, सब्जी, मिठाई का भोग लगाकर भोजन ग्रहण किया और यथाशक्ति दान करने की परंपरा निभाएंई। आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन आंवले की पूजा से मां लक्ष्मी अति प्रसन्न होती है और जीवन में खुशहाली आती है।नगर में अनेक जगहों पर लगे आंवले के वृक्ष के नीचे महिलाएं एकत्रित हुई और पूजा-पाठ किया और संतान की दीघार्यु, सुख-सौभाग्य व समृद्धि की कामना की । महिलाओं नें सिंघाड़े, पिंडखजूर, छुआरे या अन्य फल से आंवले के वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाई ,साथ ही वृक्ष की जड़ को दूध व जल अर्पित कर भोजन ग्रहण किया। पूजन के बाद बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पुरोहितों के अनुसार कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि 01 नवंबर को रात 11 बजकर 04 मिनट से शुरू हुई जो 02 नवंबर, बुधवार को रात 09 बजकर 09 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के हिसाब से 02 नवंबर को आंवला नवमी मनाई जा रही है।। आंवला नवमी पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 34 मिनट से दोपहर 12 बजकर 04 मिनट तक रहा।

### निर्मल सहयोग स्वावलंबन केंद्र का एक वर्ष

# स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## (बेसहारा बच्चों एवं निशक्त महिलाओं का सहारा)





**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना महामारी में विधवा हुई महिलाओं और अनाथ बच्चों को जीवन यापन तथा शिक्षा के लिए मदद करने कि उद्देश्य से च्वनिर्मल सहयोग नाम से गैर सरकारी संगठन की स्थापना की गई थी। निर्मल सहयोग स्वावलंबन केंद्र का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में गत सोमवार को वार्षिक दिवस संस्था के नेशनल कॉलोनी स्थित कार्यालय में सांय 5 बजे से शहर के प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय सेठ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। संस्था की महा सचिव श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने संस्था की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। समारोह में प्रशांत अग्रवाल, दिल्ली से पधारे विकास नामजोशी, रवि सक्सेना एवं कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संस्था के ही बच्चों ने सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। संस्था के उपाध्यक्ष एडवोकेट अरविंद श्रीवास्तव ने सभी पधारे गणमान्य अतिथियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर समारोह का समापन किया। केवल आपसी तथा जनसहयोग से संचालित संस्था ने गरीब बच्चों के स्कूल फीस की व्यवस्था की तथा गरीब परिवारों को समय समय पर राशन वितरण भी किया। संस्था ने गरीब बेसहारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए स्वावलंबन केंद्र की स्थापना कर महिलाओं को ब्यूटीशियन, सिलाई कढाई, तथा पाककला का प्रशिक्षण प्रारंभ किया, जिसमे अब तक तीन बैच में 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस माह से पांचवीं से नवमी की कक्षाएं ऐसे बच्चों के लिए प्रारंभ की गई हैं, जो की कोरोना काल में किसी कारणवश अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाए थे। संस्था ऐसे गरीब बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो की पढ़ाई में कमजोर है।

### कर्मचारी जगत

# राज्य और केंद्र के कर्मचारियों के भत्तों में अंतर क्यों...?

जबलपुर ,यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महामोर्चे ने केन्द्र के समान भत्ता देने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन अपने कर्मचारियों को 14 साल पहले के छठवें वेतनमान के मान से गृह भाड़ा भत्ता प्रदान कर रही है। कर्मचारियों को 7 वां वेतनमान दिनांक 1 जनवरी 2016 से प्रदान कर दिया गया परन्तु अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते 7 वें वेतनमान के अनुरूप नहीं दिए जा रहे हैं। जो भत्ते प्राप्त हो रहे हैं। वह वर्ष 2006 के वेतनमान के अनुसार देय हो रहे हैं जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को समस्त भत्ते वर्ष 2016 के अनुरूप दिए जा रहे हैं। जिससे राज्य और केंद्र शासन के कर्मचारियों में भत्ते का बहुत अंतर हो गया हैं और राज्य शासन से प्राप्त गृह भाड़ा में तो मकान किराये पर मिलना भी असंभव हैं। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महामोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि महंगाई 2006 के बाद से चरम सीमा पर पहुँच गयी हैंऔर आज तक कर्मचारियों को प्राप्त छठवें वेतनमान के भत्ते ऊंट के मुँह में जीरे के बराबर हैं। कर्मचारी प्रतिमाह 3000 से 5000 रूपये तक मकान किराये के रूप में अपने वेतन से दे रहा हैं। जो प्रतिवर्ष लाख रूपये के करीब हो जाता हैं और इस मकान किराये पर इनकम टैक्स छूट भी नहीं मिलती परिणाम स्वरूप कर्मचारियों को दोहरा नुकसान हो रहा है।शासन का कर्मचारियों के भत्ते ना प्रदान करने से अत्यधिक रोष व्याप्त है।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महामोर्चे के हेमंत ठाकरे,श्याम रजक,राजू डेहरिया, आर पी खनाल,जी आर झारिया,ऋषि पाठक,विश्वनाथ सिंह,समर सिंह, सुरेन्द्र परसते,अजय श्रीपाल, दशरथ मरावी,,नरेंद्र उइके,भोगीराम चौकसे, नितिन तिवारी,धर्मेंद्र परिहार आदि ने मुख्यमंत्री मांग की और मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्राचार कर 7 वें वेतनमान के अनुरूप भत्ते प्रदान करने को कहा है।

### समस्याओं से पीड़ित हैं प्रदेश के कर्मचारी

# शासन की अनदेखी से कर्मचारी हताश

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने आरोप लगाया कि शासन की अनदेखी से कर्मचारी हताश हैं। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक बताया कि प्रदेश के लाखों कर्मचारी विभिन्न समस्याओं से पीड़ित है परंतु इस ओर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा न ही किसी कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने किसी प्रकार की नीति तैयार कर रहा है जिससे कर्मचारी स्तब्ध हैं कि आखिर जो कर्मचारी सरकार का अभिन्न अंग हैं और हर प्रकार से सरकार से कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रहे हैं चाहे वह किसी भी प्रकार का आपदा प्रबंधन का कार्य हो या फिर विभागों से संबधित कार्य हो, प्रदेश के कर्मचारी हमेशा अपनी पूरी लगन, ईमानदारी और देष भक्ति भावना से प्रदेश सरकार का सहयोग करते हुए शासन-प्रशासन के सभी आदेशों का पालन करते हुए अपने कार्यों को सही अंजाम देते हैं फिर शासन-प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की उपेक्षा करते हुए, उनकी समस्याओं को दूर नहीं करना समझ से परे है।संघ ने आगे बताया कि प्रदेष के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, मंहगाई भत्ता, पदनाम पदोन्नति, अनुकम्पा नियुक्ति का सरली करण, संविदा कर्मियों की समस्याओं का हल न निकालना, स्टेनोग्राफरों और लिपिकों की वेतन विसंगती, शिक्षकों को 5400 का ग्रेड पे नहीं दिया जा रहा ऐसी तमाम समस्याएं है जिसका हल शासन-प्रशासन द्वारा ही निकाला जा सकता है परंतु शासन की तरफ से किसी प्रकार की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है जिससे कर्मचारी हैरान, परेषान और हलाकान हैं कि आखिर शासन द्वारा उनके साथ ऐसी अनदेखी क्यों की जा रही है। संघ के स्टेनली नॉबर्ट, दिनेश गौड़, शहीर मुमताज, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, धनराज पिल्ले, रॉबर्ट फ्रांसिस, आर.पी.खनाल, राजकुमार यादव, क्रिस्टोफर नरोन्हा, प्रदीप पटेल, रऊफ खान, सुधीर पावेल, आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को अतिशीघ्र दूर किया जाए।

# जबलपुर में बनेगी प्रदेश की सबसे बड़ी रिंग रोड

## 35 सौ करोड़ से 112 किलोमीटर लंबा हाईवे बनेगा,प्रदेश का सबसे लंबी रिंग रोड होगी

**7 नवंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी करेंगे भूमिपूजन, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान , प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव मौजूद रहेंगे**



**जबलपुर, यशभारत।** ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए शहर के चारों ओर रिंग रोड डेवलप किया जाएगा। करीब 35 सौ करो? रुपए की लागत से 112 किमी लंबी सड़क का निर्माण होगा। यह प्रदेश की सबसे लंबी रिंग रोड होगी, जो शहर के चारों ओर से गुजरेगी। इसका भूमिपूजन 7 नवंबर को खुद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी सांसद राकेश सिंह ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सबसे लंबी रिंग रोड को 50 सालों के शहर विकास को ध्यान में रखते हुए डेवलप किया जा रहा है। रिंग रोड बनने के बाद ट्रैफिक का बोझ तो कम होगा ही जबलपुर में लॉजिस्टिक हब के सपने को शीघ्र अमलीजामा पहनाने का कार्य भी किया जाएगा। इस परियोजना को मंत्री गडकरी ने भारत माला में शामिल किया है। जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने कहा- हैदराबाद जैसे महानगर जिसकी आबादी 1 करो? 75 लाख के लगभग है, उसके चारों ओर बनी रिंग रोड 126 किमी लंबी है। हमारे जबलपुर की आबादी लगभग 15 लाख है। इसके चारों ओर बनने वाली रिंग रोड 112 किमी लंबी है, जो संस्कारधानी के लिए अच्छा है। यह प्रदेश में सबसे लंबी रिंग रोड होगी। इस रिंग रोड की लंबाई, भारत के अधिकांश शहरों में बने रिंग रोड की अपेक्षा ज्यादा है।सांसद सिंह ने बताया कि जबलपुर शहर सभी दिशाओं में राष्ट्रीय राजमार्गों से घिरा है। 6 राष्ट्रीय राजमार्ग जबलपुर शहर में आकर मिलते हैं। 112 किमी लंबाई की बाहरी रिंग रोड सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को इंटर कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए, जबलपुर शहर के अंदर भारी वाहनों के दबाव को कम करेगी। इस सड़क के बनने से हादसों में भी कमी आएगी। रिंगरोड को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ क्लोज्ड टोलिंग की पद्धति पर निर्मित किया जाएगा एवं यातायात की निगरानी हेतु पूर्ण मार्ग पर, कैमरे आदि के प्रविधान किए गए हैं। रिंग रोड में नर्मदा नदी पर पर प्रस्तावित दोनों ही पुलों को स्टेट आफ आर्ट टेक्नालाजी के तहत् आइकानिक ब्रिज के रूप में प्रस्तावित किया गया है। यह तकनीक और सुंदरता की मिसाल होंगे साथ ही भेड़ाघाट के समीप बनने वाले पुल पर, होटल एवं रोपवे का प्रावधान भी किया गया है। पत्रकारवार्ता में विधायक अशोक रोहाणी, अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, डा.जितेंद्र जामदार, आशीष दुबे, अखिलेश जैन, जीएस ठाकुर, संतोष बरकड़े, शरद जैन, अंचल सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले उपस्थित थे।

# ग्रहण काल में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा करने से अश्वमेध यज्ञ का फल

**जबलपुर, यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाले जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 8 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा की सफलता के लिए जमुना सभागृह गौशाला गोल बाजार में हनुमान जी के नाम के 1100 हवन किए गए हनुमान चालीसा की प्रति लाइन पर हवन किया गया । इस अवसर पर पंडित सभा के महामंत्री देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया ग्रहण काल में पंचकोसी परिक्रमा करने से अश्वमेध यज्ञ का फल होता है केवल मूर्ति स्पर्श वर्जित रहता है ऐसा संयोग सैकड़ों वर्षो बाद बनता है जो मनोकामना लेकर परिक्रमा करेंगे वह अवश्य ही सफल होगी । गोपा अष्टमी के अवसर पर गौ माता का पूजन महाकौशल प्रांत के गौ सेवा के प्रचारक राजकुमार जैन शरद अग्रवाल शिव शंकर पटेल डॉक्टर सुधीर अग्रवाल मनमोहन दुबे आदि उपस्थित थे।

# ओएफके में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर शपथ



**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक अशोक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता की शपथ दिलाई साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता सप्ताह मनाने के लिए आज से ही हमें का अपने हर काम के प्रति सतर्कता बरतना है। जागरूकता को अपने जीवन का अहम हिस्सा मानकर भ्रष्टाचार को रोकना और अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करते हुए अपने हर आयुध उत्पाद को हर पैमाने पर खरा उतारना यही हमारे लिए सतर्कता का पैमाना है । अपने उत्पाद की प्रोग्रामिंग से लेकर निर्माण करने तक और निर्माण होने के पश्चात अपने ग्राहकों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुंचाना, यही हमारे लिए सतर्कता की सार्थकता है, कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों एवं श्रमिक नेताओं से निर्माणी को प्राप्त हुए उत्पादन लक्ष्य को समय सीमा पर पूर्ण करने हेतु भी आव्हान किया इस अवसर पर इंटरनल ऑडिट सेल के महाप्रबंधक ए.के.सिंह अपर महाप्रबंधक विकास पुरवार संयुक्त महाप्रबंधक दिनेश कुमार राजीव सिंह उप महाप्रबंधक आर.पी.शुक्ला जे.पी.मीणा प्रशासनिक अधिकारी एन.डी.तिवारी मंडल अधिकारी शेखर गजभिए सहित यूनियन एसोसिएशन की पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

A2 त्यौहारों की शॉपिंग सिर्फ A2 के साथ
UP TO 50% OFF
MEN'S WEAR | LADIES WEAR
KIDS WEAR | LIFESTYLE
A2 AAPKA APNA STORE
STORES:-JABALPUR PIPARIYA KATNI CHHINDWARA AMLAI INDORE
अपने शहर में A2 स्टोर की फ्रेंचाइजी के लिए संपर्क करें
Contact No.-9329331170-71 @a2stores @aa2stores

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Pure & Tasty Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24/7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एपोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एपोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

## लाड़ली लक्ष्मी वाटिका व पथ का लोकार्पण

# अब लिंक रोड लाड़ली लक्ष्मी पथ

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवम्बर से सात नवम्बर तक आयोजित की जा रही गतिविधियों के अंतर्गत आज दूसरे दिन सांसद राकेश सिंह ने दमोहनाका-दीनदयाल चौक मार्ग पर शिवनगर के समीप लाडली लक्ष्मी वाटिका का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में सांसद श्री सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ लाडली लक्ष्मी वाटिका में पौधारोपण भी किया। इसके उपरांत सांसद श्री सिंह ने मदन महल रेल स्टेशन से कछपुरा लिंक रोड पर लाडली लक्ष्मी पथ का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, पार्षद श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव एवं श्रीमती प्रतिभा विद्येश भापकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी एम एल मेहरा भी मौजूद थे।




### मध्यप्रदेश गान से शुभारंभ

लाडली लक्ष्मी पथ के लोकार्पण समारोह का शुभारम्भ मध्यप्रदेश गान के साथ हुआ। इस अवसर पर संभागीय बाल भवन के बच्चों एवं सेंट नार्बर्ट स्कूल की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर केंद्रित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। समारोह को सांसद श्री राकेश सिंह एवं राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने सबोंधित भी किया। इस अवसर पर कछपुरा लिंक रोड पर उद्यान के विकास तथा पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा का जिम्मेदारी का निर्वाह करने वाले वॉक एंड क्लीन संस्था के सदस्यों का सम्मान सांसद ने किया। लाडली लक्ष्मी पथ के लोकार्पण समारोह के समापन पर संभागीय बाल भवन के बाल कलाकारों ने लाडली लक्ष्मी गान प्रस्तुत किया। लोकार्पण समारोह के मौके पर लाडली लक्ष्मी पथ को रंगोली से सजाया गया था।




## अवैध मादक पदार्थ एवं शराब आदि के कारोबार में लिप्त

# 1107 आरोपियों को दबोचा

### नशे के कारोबारियों पर बड़ी कार्यवाही

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर पुलिस ने नशे के कारोबारियों पर शिंकजा करते हुए अलग -अलग कार्यवाही में 20 दिनों में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब आदि के कारोबार में लिप्त 1107 आरोपियों को पकड़ा। पकडे गये आरोपियों से 26 किलो 620 ग्राम गांजा, 5400 लीटर अंग्रेजी/देशी एवं कच्ची शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन एवं 03 दुपहिया वाहन जब्त किये गये अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश देते हुये शराब बनाने हेतु तैयार किया हुआ लगभग 25 हजार 275 लीटर लाहन एवं भट्टियों को किया नष्ट किया गया।**



07 आरोपियों से 1319 नशीले इंजेक्शन एवं नगद 11 हजार 200 रूपये तथा 03 दुपहिया वाहन जब्त किए। जबकि शराब पीकर वाहन चालने वाले 151 व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी 185 भा.द.वि. के तहत कार्यवाही करते हुये वाहनों को जब्त किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गत दिनों वर्चुअल बैठक के माध्यम से सभी जिलों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा नशे के कारोबारियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश देते हुये मुख्य रूप से अवैध शराब बेचने वालों, भंडारण, परिवहन तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए, साथ ही स्कूल-कॉलेजों के आसपास गुमटी, होटलों और दुकानों की सघन चेकिंग करने तथा नशे में संलिप्त गिरोह को 'क्रश' करने के निर्देश दिए गये हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से) द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो को अवैध मादक पदार्थ/अवैध शराब के कारोबार मे लिप्त आरोपियों को चिन्हित करते हुये सभी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। इसी के तहत पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की और8 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तक शहर एवं देहात थाना प्रभारियों के द्वारा नशे के कारोबारियों पर दबिश देते हुये अवैध शराब आदि के कारोबार में लिप्त 1107 आरोपियों को गिरफ्तार कर पकडे गये आरोपियों से 26 किलो 620 ग्राम गांजा, 5400 लीटर अंग्रेजी/देशी एवं कच्ची शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर एवं बलेनो कार एवं दो एक्टिवा, एक एक्सेस वाहन जप्त करते हुये अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश देते हुये शराब बनाने हेतु तैयार किया हुआ लगभग 25 हजार 275 लीटर लाहन एवं भट्टियों को नष्ट किया गया।इसी प्रकार नशीले इंजैक्शन के कारोबार मे लिप्त 7 आरोपियों से 1319 नशीले इंजैक्शन एवं नगद 11 हजार 200 रूपये, 3 दुपहिया वाहन जप्त किये गये, साथ ही 2 कैफे में दबिश देकर हुक्का, तम्बाकू फलेवर आदि जप्त करते हुये कैफे संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। दूसरी ओर शराब पीकर वाहन चालने वाले 151 व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी 185 भा.द.वि. के तहत कार्यवाही करते हुये वाहनों को जप्त किया गया तथा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से मादक पदार्थ का नशा करने वाले तथा शराब पीने/पिलाने वाले 807 स्थानों पर अचानक दबिश देते हुये 416 व्यक्तियो के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही जनजागरूता हेतु बैनर पोस्टर लगाये एवं पम्पलेट्स बांटे गये तथा सार्वजनिक स्थान, स्कूल कालेज, कालोनी, मोहल्ला, देहात क्षेत्र में गॉवों में जनसंवाद कर नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुये नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया।



# गंगा कावेरी में अज्ञात युवक ने तोड़ा दम

### जीआरपी कर रही परिजनों की तलाश

जबलपुर ,यशभारत। चेन्नई से चलकर बनारस जाने वाली गाड़ी संख्या 12669 में एक अज्ञात युवक ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया उक्त घटना की सूचना पर जबलपुर जीआरपी गाड़ी आने पर वहां म पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा कावेरी एक्सप्रेस के आरक्षित कोच के गेट के पास बैठकर एक अज्ञात 35 वर्षीय युवक सफर कर रहा था गाड़ी पिपरिया स्टेशन पहुंचने कि पूर्व उसने दम तोड़ दिया जिसकी सूचना जबलपुर जीआरपी को दी गई जीआरपी ने बताया कि मृतक लाल कलर की जर्सी एवं सफेद पेंट पहने हुए हैं उसके जेब से दिल्ली से बेंगलुरु की एक जनरल टिकट में मिली है अज्ञात मृतक कहां का रहने वाला है और यह घटना कैसे घटित हुई जीआरपी ने मर्ग कायम कर परिजनों की पतासाजी करने में लगी हुई है।

# तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता हेतू दस हजार सुंदरकांड पाठ का श्रीगणेश

**जबलपुर,यशभारत।** संस्कारधानी जबलपुर में दिनाँक 6,7 एवं 8 जनवरी को आयोजित तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता हेतू सुंदरकांड पाठ का श्रीगणेश स्नेह नगर स्थित श्री विनोद दुबे के आवास पर संगीत में सामूहिक सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया। देवज्ञ पंडित अरुण शर्मा, मानस मर्मज्ञ डॉक्टर गोविंद नेमा ,पंडित अशोक मनोध्याय, विधायक विनय सक्सेना,डाक्टर अखिलेश गुमास्ता के आतिथ्य में नेमा मानस मंडल द्वारा दी गई सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध जनों को भक्ति भाव से विभोर कर दिया। इस अवसर पर रामचरितमानस कि मानव जीवन में प्रासंगिकता पर पंडित रूपकिशोर प्यासी एवं डॉ आर एस नेमा ने प्रकाश डाला ।इस अवसर पर लोक राम कोरी, राजेश नेमा, डॉक्टर भूपेंद्र उपाध्याय,विद्वेश भापकर, डॉ अनीता दुबे, पार्षद अंशुल राघवेंद्र यादव, डॉ सुमन शर्मा, संगीता शुक्ला, शीला प्यासी, मीता पांडे, रश्मि यादव, विमल तिवारी, संगीता शुक्ला, कीर्ति पटेल,सहित अनेक रामभक्त उपस्थित रहे।



# हर्षोल्लास से उत्साह से मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश के 67 वें स्थापना दिवस पर नगर में विविध कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किए गए। जहां स्थापना दिवस पर सुबह जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रभात फेरियां निकाली गई, वहीं शाम को जिला मुख्यालय पर राइट टाउन स्थित मानस भवन में स्थापना दिवस पर जिले का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। सांसद राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस भव्य और गरिमामय समारोह में विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु एवं विनय सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष बरकड़े, नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिकुंज विज, जिला पंचायत सदस्य एवं नगर निगम जबलपुर के पार्षद मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ सभी आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की शुरुआत में कन्या पूजन भी किया गया। इस अवसर पर शासकीय दृष्टि बाधितार्थ शाला के नेत्र दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमल चंद जैन की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की शोभा बढाई। मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर जबलपुर वासियों को बधाई देते हुये कहा कि मध्यप्रदेश न केवल अपनी अभिनव योजनाओं के लिये बल्कि प्रदेश में तेज गति से हो रहे विकास के लिये देश भर में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में चारों ओर सड़कों का जाल बिछा हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। गांव बिजली से जगमगा रहे हैं। प्रदेश में ऐसा कोई घर नहीं है जहाँ केंद्र या राज्य शासन की योजनायें न पहुँची हो। सांसद ने कहा कि देश मे पहली बार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना बनाकर मुख्यमंत्री ने अपने आपको श्रवण कुमार साबित किया है, वहीं लाडली लक्ष्मी योजना शुरू कर लाखों बेटियों के जन्म से पढ़ाई और विवाह तक की चिंता कर मामा होने का फर्ज निभाया है। समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग के संयोजन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इन्हें उपस्थित जन समुदाय ने काफी सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत माउंट लिट्रा स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव स्तुति से की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दूसरी प्रस्तुति शिशु विद्यापीठ सतपुला के छात्र-छात्राओं की बधाई नृत्य की थी। इसके बाद नटराज कथा कला केंद्र रांझी द्वारा राई नृत्य और शासकीय गुरुकुलम आवासीय विद्यालय रामपुर के विद्यार्थियों द्वारा गोंडी शैला नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में माउंट लिट्रा स्कूल की छात्राओं द्वारा अपनी दूसरी प्रस्तुति में मटकी नृत्य प्रस्तुत किया। पं. लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान पर प्रस्तुत नृत्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हुआ। समारोह में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, सुश्री विमलेश सिंह एवं नम- शिवाय अरजरिया भी मौजूद थे। समारोह के दौरान मानस भवन खचाखच भरा हुआ था।




### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

जबलपुर, यशभारत। शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्यिक स्वशाशी महाविद्यालय जबलपुर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराई गई जिसमे हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉक्टर ए. सी. तिवारी , स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के अधिकारी डॉ. अरुण शुक्ल ,एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी शिवचंद वल्के , डॉ. प्रियंका साहू , एवं हृष्ट अधिकारी डॉ. राहुल झरिया एवं हमारे महाविद्यालय के सभी आध्यपकगण उपस्थित थे आप सभी के मार्गदर्शन मै हम लोगों ने भारत देश को नशे से मुक्त करने की शपथ ली हमारे महाविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयं सेवक मैं, निक्की विश्वकर्मा, अमन काछी, मोहम्मद कैफ , वेदांत मिश्रा , स्वंय सेविका और हमारे महा विधालय के सभी विधार्थी गण आदि उपस्थित थे

### मध्यप्रदेश विविधता में एकता का प्रतीक :डॉ त्रिपाठी

श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक वृहत कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया जिन्होंने कहा कि भारत का हृदय स्थल मध्यप्रदेश है जबलपुर इसकी धड़कन है। मध्यप्रदेश विविधता में एकता का प्रतीक है एवं मध्य प्रदेश की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इसी उपलक्ष्य पर डॉ. आनंद सिंह राणा ने मध्य प्रदेश के इतिहास और पुनर्गठन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा मध्य प्रदेश गान के साथ किया गया मंच का संचालन श्रीमती अनामिका सिंह एवं आभार श्रीमती राधा झारिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

## सुपर मार्केट में युवक को चाकू से गोदा

**जबलपुर यश भारत।** बीच रास्ते रोककर गोरखपुर निवासी युवक को पुरानी रंजिश के चलते सुपर मार्केट में बदमाश चाकुओं से गोदकर फरार हो गया पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। गोरखपुर मांडवा बस्ती निवासी 33 वर्षीय जीतू पासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिश के चलते घर लौटते समय सुपर मार्केट में बीच रास्ता रोककर एक युवक ने उस पर चाकू से दनादन वार कर दिया और मौके से फरार हो गया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र./अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक 28/10/22

**// आम इश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आशीन जैन व अन्य पति सुशील कुमार जैन निवासी द्वारा ग्राम/ब्लाक 50 नंब /प्लाट161/1 पहनं राजस्व निरीक मंडल जबलपुर में स्थित खसरा नं का भाग रकवा 235 वर्गफुट फौती मृत्यु दिनांक 3/12/21 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि राजकुमार, राजा, आशा, पुष्पलता, अलका, अजय जैन के नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 14/11/22 तक कलेक्ट्रेट में स्थित न्यायालय आधारताल जबलपुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 28/10/22
पेशी दिनांक - 14/11/22

**अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर**

# पति गया मजदूरी करने पत्नी झूली फांसी पर



**जबलपुर यश भारत।** मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनगवा निवासी एक 27 वर्षीय नवविवाहिता ने उस समय फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली जब उसका पति गांव में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। उक्त घटना की जानकारी के आधार पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए ६ पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि धनगवा निवासी 27 वर्षीय आरती कोल पति वीरेंद्र कोल कुछ दिन पूर्व गुजरात में काम करने के लिए गया हुआ था जहां पर उसको कहीं पर मजदूरी नहीं मिली तो वापस ससुराल आया और वहां से पत्नी को अपने साथ लेकर 2 दिन पूर्व घर आया हुआ था किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। आज पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर चला गया इसी दौरान पत्नी ने घर की मयारी मैं साड़ी से फांसी का फंदा बनाया और उससे झूम कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली उक्त घटना की जानकारी जैसे ही मृतका की चाची सास को लगी तो वह दौड़ते हुए मौके पर पहुंची और हंसीआ से ठंडा काटकर उसे नीचे उतारा गया ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# 9वीं की छात्रा का अपहरण

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के महंगवा परियट में 16 साल की किशोरी के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किशोरी को फटका फोडने़ बुलाया और फिर अगवा कर लिया गया। परिजनों ने किशोरी के गायब होने के बाद उसके दोस्तो, रिश्तेदारों और मोहल्ले वालों से पूछताछ की। लेकिन कहीं भी किशोरी का पता नहीं चल सका। जिसके बाद थकहार कर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि महंगवा परियट निवासी परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी घर से फटाका फोडने़ गयी हुई थी। लेकिन फिर दोबारा घर नहीं लौटी। आसपास पता किया। लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# वार्षिक वेतन वृद्धि ना देना,नौकरी से निकालना अवैधानिक कार्यवाही

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि अनुकम्पा नियुक्ति पर लिपिक के पद में भर्ती हुए अनेक कर्मचारियों को सीपीसीटी परीक्षा तीन वर्ष में पास ना करने के कारण वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा कुछ स्थानों में नोकरी से भी निकाला जा रहा है, अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी रोड़ा बन गई है। नियुक्ति आदेश में यह शर्त जोड़ी जाति है की तीन वर्ष के अंदर सीपीसीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी परीक्षा पास ना करने वालों की सेवाएं समाप्त हो जावेगी। इस शर्त के कारण आज अनेक कर्मचारियों को नोकरी से ही बर्खास्त कर दिया गया है,वैसे भी अनुकंपा नियुक्ति पर रखे गए मृत कर्मी के अनाथ बच्चों और उनकी विधवा पत्नि को कंडिका 6.5 के अनुसार सीपीसिटी की परीक्षा पास ना करने के कारण अनेक लाभ नहीं दिये जा रहे है। जहां अनुकंपा नियुक्ति पा चुके दिवंगत लिपिकों के आश्रित कंप्यूटर दक्षता परीक्षा उत्तर नहीं कर पाए हैं। ऐसे कर्मचारियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा से सेवा से हटा दिया गया है। पशु पालन लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उच्च शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, राजस्व जैसे विभागों में कंप्यूटर दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने पर सेवा से निकाल दिया गया है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, विष्वदीप पटेरिया, संतोष मिश्रा, संजय गुजराल, नरेश शुक्ला, देव दोनेरिया, प्रशांत सोधिया, धीरेंद्र सिंह, मुकेश मरकाम, रवि कांत दहायत, यू एस करोसिया, प्रदीप पटेल,आलोक बाजपाई,योगेंद्र मिश्रा, नरेंद्र सिंह चौहान, सतीश उपाध्याय अजय दुबे, मनोज राय, नरेंद्र सेन,. ने अनुकंपा नियुक्ति से सीपीसीटी परीक्षा की शर्त को समाप्त कर सभी नियुक्त कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने की मांग की है।

# 18 वर्षीय युवती को फ्लैट में ले जाकर किया दुष्कर्म

**जबलपुर यश भारत।** अधारताल थाना अंतर्गत 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है आरोपी ने पहले तो पीड़िता को अपने प्रेम में उलझाया और फिर करीब 2 वर्ष तक उसका दैहिक शोषण करता रहा विगत दिनों युवक ने फ्लैट में ले जाकर भी युवती के साथ दुष्कर्म किया और फिर फोन स्विच ऑफ कर दिया परिजनों को लेकर पीड़िता थाने पहुंची पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कंचनपुर निवासी 18 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि मोहल्ले में रहने वाले 22 वर्षीय युवक ने पहले उसको प्रेम के जाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार संबंध बनाता रहा जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने अपने परिजनों को मनाने की बात कही और फिर बाद में फोन स्विच ऑफ करते हुए मिलना भी छोड़ दिया जब उसने बात करना चाही तो प्रेम प्रसंग को सिरे से नकारते हुए भाग खड़ा हुआ पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ जारी है।



**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक 2676/निर्वाह/2022 | मण्डला, दिनांक 26.10.2022

**तृतीय ii वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष-2022-23**

जिला जेल मण्डला में परिरूद्ध बंदियों हेतु खण्ड 01. खाद्यान्न सामग्री, खण्ड 02. सब्जी एवं फल, खण्ड 03. स्वच्छता एवं अन्य, खण्ड 04. दवाईयां, खण्ड 05. स्टेशनरी की तृतीय ii वार्षिक निविदाएं ई टेण्डर के माध्यम से सील बंद लिफाफे में दिनांक 18.11.2022 को सुबह 11.00 बजे तक जिला जेल मण्डला पर आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 09.11.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय में, जिस हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है। |
| 2. | ऑनलाईन फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रू. तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु फार्म की कीमत रू. 1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा। | 17.11.2022 को सायंकाल 5.00 बजे तक | वेबसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3. | दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि | 18.11.2022 को सुबह 11.00 बजे तक | संबंधित जेल अधीक्षक कार्यालय में जिस जेल हेतु निविदा प्रस्तुत की जा रही है। |
| 4. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 19.11.2022 को दोपहर 11.00 बजे | -''--- |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 21.11.2022 को दोपहर 12.00 बजे | -''--- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर आनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जी-18709/22 | **जेल अधीक्षक, जिला जेल मण्डला**

## गायक शंकर महादेवन के साथ CM का शिव तांडव स्त्रोत

# मप्र स्थापना दिवस समारोह में शंकर, एहसान-लॉय के बैंड की परफॉर्मेंस

***भोपाल, यशभारत। लाल परेड ग्राउंड में मप्र का 67वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। समारोह में 400 कलाकारों ने शिव महिमा की प्रस्तुति दी। इसके बाद बॉलीवुड की प्रसिद्ध संगीत निर्देशक की जोड़ी शंकर महादेवन, एहसान नूरानी एवं लॉय मेंडोंसा के बैंड ने हवा समा बांध दिया। शंकर महादेवन के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिव तांडव स्त्रोत की साथ में प्रस्तुति दी। शंकर,एहसान और लॉय के गीतों पर श्रोता जमकर झूमे।**







इससे पहले सीएम शिवराज सिंह ने दीप जलाकर मप्र स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत की। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ब?ा फैसला लेते हुए कहा कि आज हसे हम राष्ट्रगान की तर्ज पर मध्यप्रदेश गान को ख? होकर सम्मान देने की परंपरा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से जब भी मप्र गान होगा, हम सभी ख? होकर सम्मान देंगे। सभी लोग इसका संकल्प लें। भाषण खत्म करने के बाद फिर माइक पर पहुंचे सीएम बोले एक संकल्प और करवाना चाहता हूं कि स्वयं को और अपने गांव को नशे से दूर रखने का संकल्प लें।

### भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी बनी

सीएम शिवराज ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा इंदौर लगातार छठवीं बार स्वच्छता में नंबर वन आया है। वहीं भोपाल देश की स्वच्छ राजधानी बनी है। मप्र बदल रहा है। एक जमाना था, जब मप्र डाकुओं के लिए जाना जाता था। मान सिंह, पान सिंह, मलखान सिंह पर फिल्में बनतीं थीं। मप्र के मंत्री का नक्सली गला काटकर ले गए थे। सीएम शिवराज ने कहा- सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढाते हुए उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हुआ है। सलकनपुर में देवी लोक का निर्माण हो रहा है। ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा बन रही है।

### इसी महीने एक लाख भर्तियां होंगी

सीएम शिवराज ने कहा- इस बार हमारे प्रवासी भारतीय सम्मेलन में 100 से ज्यादा देशों के लोग इंदौर आएंगे। खेलो इंडिया गेम्स अगले साल जनवरी-फरवरी में मप्र में होंगे। नवंबर के महीने में 1 लाख भर्तियां जारी कर दी जाएंगी। जिनके सालों से जमीन पर कब्जे हैं, चाहे वे विभाजन के समय आए हों, उन्हें नाममात्र की दर पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। मकान बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। *मप्र में पहला राज्य जहां मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होगी*सीएम शिवराज ने कहा- हमने गेहूं के उत्पादन में पंजाब को पीछे छोड़ दिया। पहले शिक्षाकर्मी हुआ करते थे, अब सीएम राइज स्कूल बन रहे हैं। कभी 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे अब 24 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। मप्र ऐसा राज्य बना जिसने मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने का संकल्प लिया। अंग्रेजी प्रतिभा को नहीं मार पाएगी।सीएम ने आगे कहा, मप्र में जिनके माता-पिता नहीं है वो बच्चे अनाथ नहीं रहेंगे। उनके भरण-पोषण व प?ाई की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। सीएम ने जनता से मांग करते हुए कहा कि मैं रोज तीन पौधे लगता हूं, आप लोग भी जन्मदिन-एनिवर्सरी पर पौधे लगाएं, पति-पत्नी के सम्बन्ध अच्छे बने रहेंगे। सीएम ने कहा-बिजली पर 24 हजार करो? सब्सिडी देते हैं। मेरी अपील है कि हम फालतू बिजली नहीं जलाएंगे, हम ऊर्जा बचाएंगे। पीने के पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगे।सीएम ने लाल परेड ग्राउंड पर मप्र स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बर्थडे, एनिवर्सरी जैसे मौके पर भी एक पौधा लगाने का संकल्प लेने को कहा।सीएम ने लाल परेड ग्राउंड पर मप्र स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बर्थडे, एनिवर्सरी जैसे मौके पर भी एक पौधा लगाने का संकल्प लेने को कहा।

### 400 कलाकारों ने दी शिव महिमा की प्रस्तुति

भोपाल में लाल परेड ग्राउंड पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मैत्रेयी पहाड़ी के संयोजन में 400 कलाकार 'शिव महिमा' समवेत नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मैत्रेयी पहाड़ी के बाद बॉलीवुड की प्रसिद्ध संगीत निर्देशक की जोड़ी शंकर महादेवन, एहसान नूरानी एवं लॉय मेंडोंसा अपनी प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया। कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ मंत्री, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि और आमजन भी मौजूद रहे।एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया मध्यप्रदेश राज्य 66 साल पूरे कर 67वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। बाकी जिलों में भी स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# मध्यप्रदेश में समूह-2 उपसमूह-3 से 345 स्वच्छता निरीक्षक व अन्य पदों पर वैकेंसी

**भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ने राज्य में समूह-2 उपसमूह-3 से 345 स्वच्छता निरीक्षक व अन्य पदों पर वैकेंसी निकाली है। एमपीपीईबी की इस भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 21 नवंबर 2022 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।**

एमपीपीईबी की इस भर्ती को का विज्ञापन और नियमपुस्तिका भी प्रकाशित की जा चुकी है जिसे यहां आगे देख सकते हैं। अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिश शुरू होने से पहले आवेदन के नियमों, योग्यता व जरूरी दस्तावेजों के बारे में पहले से ही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एमपीपीईबी की इस भर्ती परीक्षा 2022 के जरिए कुल 345 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है जिसमें सीधी भर्ती के लिए 333 पद, संविदा के लिए

### 21 नवंबर से करें आवेदन

01 पद और बैकलॉग भर्ती के लिए 10 पदों की रिक्तियां हैं। आगे देखिए आवेदन प्रकिया व आवेदन संबंधी अन्य शर्तें-

एमपीपीईबी भर्ती आवेदन की प्रमुख तिथियां=

ऑनलाइन ऑवेदन शुरू होने की तिथि - 21 नवंबर 2022

आवेदन की अंतिम तिथि - 05 दिसंबर 2022

आवेदन में संधोधन की तथि - 21 नवंबर से 10 दिसंबर 2022 तक।

लिखित परीक्षा की तिथि - 10 फरवरी 2022 से शुरू

रिक्तियों की ब्योरा -

सीधी भर्ती - 333 पद

बैकलॉग भर्ती - 10 पद

संविदा भर्ती - 01 पद

कुल वैकेंसी - 345

आयु सीमा - 18 से 40 वर्ष।

परीक्षा शहर = भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सतना, उज्जैन, नीमच, सागर, सीधी।

परीक्षा शुल्क - अनारक्षित वर्ग के लिए 500 रुपए। एससी, एसटी व दिव्यांगों के लिए 250 रुपए। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल शुल्क भी देना होगा। बैकलॉग पदों के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

आवेदन प्रक्रिया भरने के लिए निर्देश - परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका मंडल की वेबसाइट 222.श्चद्गड्ढ.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है जिसमें आवेदन प्रक्रिश विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है। अभ्यर्थी यहां दिए जा रहे डायरेक्ट लिंक पर भी इसे देख/डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा के लिए जरूरी निर्देश=

अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।


परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को अपना मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# अपनी लाड़लियों को हाथ से पत्र लिखेंगे सीएम शिवराज

**भोपाल,यशभारत।** जिलों में च्लाड़ली लक्ष्मी पथज्ज और शहरों में च्लाड़ली लक्ष्मी वाटिकाज्ज की स्थापना के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बेटियों (लाड़ली लक्ष्मियों) को अपने हाथ से पत्र लिखेंगे। पत्र में शुभकामनाओं के साथ बेटियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख रहेगा। ये पत्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के माध्यम से बेटियों व उनके अभिभावकों को भेजे जाएंगे। सरकार बुधवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसमें कालेज जाने वाली प्रदेशभर से 1437 लाड़लियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके बैंक खातें में 12 हजार पांच सौ रुपये प्रोत्साहन राशि जमा कराएंगे।लाड़ली लक्ष्मी योजना-दो में यह प्रविधान किया गया है। इसी के साथ योजना का क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा। यह कार्यक्रम सभी जिला मुख्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद में होंगे। जिनमें अभिभावकों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री राजधानी की लिंक रोड नंबर-दो का च्ला?ली लक्ष्मी पथज्ज और स्मार्ट सिटी पार्क का च्ला?ली लक्ष्मी वाटिकाज्ज नामकरण और लोकार्पण करेंगे।सभी जिला मुख्यालयों पर एक-एक सड़क और शहरों में एक-एक उद्यान का नाम रखा जाएगा। इसे थीम बेस्ड वाटिका के रूप में विकसित किया जाएगा। लाड़लियों के जन्मोत्सव और उनसे संबंधित अन्य कार्यों में वाटिका का उपयोग किया जाएगा। दोनों ही स्थान पर लोकार्पण पत्थर लगाए जाएंगे। ये ऐसे स्थान होंगे जिनका पहले नामकरण न हुआ हो। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बेटियों से बात करेंगे। इस कार्यक्रम का इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 42 लाख लाड़ली लक्ष्मी हैं। इनमें से करीब डे? हजार बालिकाओं ने इस साल कालेज में प्रवेश लिया है। योजना के तहत बालिकाओं को अभी 12 हजार पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। जबकि कालेज की प?ाई पूरी होने पर फिर से 12 हजार पांच सौ रुपये दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम च्मध्य प्रदेश के स्थापना दिवसज्ज कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है, जो सात दिन तक चलेगा।



# फर्जी गृह निर्माण समिति बनाकर बेचे प्लाट

**भोपाल, यशभारत।** साक्षी गृह निर्माण सहकारी समिति के विनोद पांडे और यामिनी कृष्णा शास्त्री ने स्वयं को समिति का सर्वेसर्वा बताकर लोगों को प्लाट बेचकर लाखों रुपये ले लिए। लोगों ने अतिरिक्त राशि देनेके बाद अनुबंध कराया, लेकिन न तो रजिस्ट्री हुई और न ही प्लाट दिखाए गए। जब पीड़ितों को संदेह हुआ तो उन्होंने सहकारिता विभाग से जानकारी मांगी तो पता चला कि इस नाम से कोई समिति ही रजिस्टर्ड नहीं हैं। समिति का जो रजिस्ट्रेशन नंबर बताया गया है, वह भी फर्जी है। यह मामल मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में पहुंचा। इसमें शिकायत सुन रहीं डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने मामले की जांच उपायुक्त सहकारिता विनोद सिंह को सौंपी है। कलेक्टर जनसुनवाई में निशा बांगरे ने 62 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना और मौके पर हल होने वाली समस्याओं का निराकरण किया। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त फर्जी समिति का यह है मामला

### लोगों से हड़पे लाखों रुपये

अनीता टाक पत्नी राजेश टाक निवासी शर्मा कॉलोनी शाहजहांनाबाद ने बताया कि विनोद पांडे और यामिनी कृष्णा शास्त्री निवासी सांई कृपा लॉ चैंबर शास्त्री भवन बरखेड़ी चौराहा ने साक्षी गृह निर्माण सहकारी समिति को रजिस्टर्ड बताकर प्लाटिंग करने की बात कही थी। जिसमें 30 बाय 50 वर्गफीट का एक प्लाट साक्षी नगर गोंदरमऊ में देने का अनुबंध पत्र बनाया था। इसके लिए पांच हजार रुपए की राशि भी दी गई, लेकिन 14 साल गुजरने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराई गई है। मैंने जब सहकारिता विभाग में इस समिति की जानकारी ली तो पता चला कि यह समिति रजिस्टर्ड नहीं है। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर भी फर्जी तरीके से जारी किया गया है। इस संबंध में गांधी नगर थाना और सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जबकि हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग निवासी सुल्तान अहमद पिता सिरोज अहमद ने बताया कि उन्होंने भी 2015 में उन्होंने साक्षी हाउसिंग सोसायटी के गोंदरमऊ में दो प्लाट लिए थे। जिसका अनुबंध करने के दौरान चार लाख 90 हजार दिए थे, लेकिन अब तक रजिस्ट्री नहीं कराई गई थी।

# 2018 तक शासकीय भूमि पर काबिज व्यक्तियों को मिलेगा पट्टा

**भोपाल, यशभारत।** बरसों से शासकीय भूमि पर बिना किसी अधिकार के रह रहे परिवारों को आवासीय पट्टे उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए पात्रता अवधि 31 दिसंबर 2014 को बढ़ाकर 31 दिसंबर 2018 किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रस्ताव को विधि विभाग से मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट निर्णय के बाद लागू कर दिया जाएगा। अभी तक शहरी क्षेत्रों में 33 हजार 123 पट्टे दिए जा चुके हैं। 14 हजार 468 पट्टे दिए जाने बाकी हैं।नगरीय क्षेत्रों में तेजी से हो रहे विकास और रोजगार के अवसर बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से लोग नगरीय निकाय क्षेत्रों में आकर बस गए हैं। इन्होंने बिना किसी अनुमति के शासकीय भूमि पर मकान भी बना लिए हैं। इन्हें हटाया जाना भी कठिन कार्य है। इसे देखते हुए शिवराज सरकार ने 31 दिसंबर 2014 तक नगरीय क्षेत्रों में स्थिति शासकीय भूखंड पर मकान बनाकर रह रहे हैं, उन्हें 30 साल के स्थायी पट्टे देने का निर्णय लिया था। सितंबर 2022 तक ऐसे एक लाख 17 हजार 400 आवेदन प्राप्त हुए थे। सत्यापन के बाद 69 हजार 809 अपात्र पाए गए। 47 हजार 591 को पट्टे देने का निर्णय लिया गया। इनमें से 33 हजार 123 को पट्टे दिए जा चुके हैं और 14 हजार 468 को पट्टे दिए जाने हैं।

# शिवराज सरकार में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को मिला पद ! हज कमेटी में मिली जगह

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने हज कमेटी गठित कर दी है। विभाग की एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में जारी लिस्ट के अनुसार इसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से कुल 12 लोगों को शामिल किया गया। लेकिन दिलस्प बात यह है कि इसमें भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का नाम भी शामिल हैं। दरअसल पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने 1 नवंबर को जारी अपनी अधिसूचना में हज समिति के गठन की बात कही है। इसमें विभागीय अपन मुख्य सचिव ने बताया कि हज समिति अधिनियम, 2002, (क्र. 35) की धारा 17 (1) का उपयोग करते हुए राज्य सरकार ने हज कमेटी का गठन किया है। जानकारी के अनुसार इस आदेश से पहले मध्य प्रदेश सरकार ने कांग्रेस के नेता आरिफ अकील को मध्य प्रदेश हज कमेटी में बतोर सदस्य नियुक्ति किया था। लेकिन इसे लेकर आरिफ मसूद ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आरिफ मासूद ने वक्फ बोर्ड चुनाव धांधली के लगाए आरोप लगाए थे।

# बर्खास्त पुलिसकर्मी ने महिला का किया रेप

## घर में घुसकर पीटा, शराब तस्करी का था सिपाही पर आरोप

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां एक बर्खास्त पुलिसकर्मी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। कोरोना के दौरान शराब तस्करी के आरोप में सिपाही को टर्मिनेट किया गया था। बताया जा रहा है कि घर में घुसकर उसने महिला के साथ पहले मारपीट की, और इसके बाद उसका रेप किया। काफी लंबे समय से आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसका यौन शोषण कर रहा था। जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि 38 साल की महिला ने कोरोना की दूसरी लहर में घर पर ही किराना की दुकान खोली थी। उसकी दुकान में खुद को पुलिसकर्मी बताने वाला रिंकू टांडा आता था। दोनों की बातचीत



होने लगी। और अगस्त 2021 में आरोपी ने महिला को दुकान में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। लेकिन जब महिला ने इसका विरोध किया तब आरोपी उसे बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि युवक ने कई बार उसके साथ शोषण किया। जब भी महिला विरोध करती, आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। हाल ही में महिला ने जब उससे पुलिस में उसकी शिकायत करने का कहा तो उसने फिर उसे पीटा। और इसके बाद उसका रेप भी किया। इस घटनाक्रम के बाद महिला ने यह बात अपने पति को बताई। और फिर पति के साथ महिला ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। फिलहाल आरोपी फरार चल रहा है, और पुलिस तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार रिंकू टांडा की आखिरी पोस्टिंग सूखीसेवनिया थाने में थी। और वह शराब तस्करी से जु? गया। इस दौरान कोरोना काल में अपनी कार में शराब भरकर गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र से गुजर रहा था।

# भोपाल IIMS में होगा कैंसर ग्रस्त गैस पीड़ितों का इलाज, उच्च स्तरीय बैठक के बाद सरकार ने लिया फैसला

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एम्स में अब कैंसर से ग्रसित गैस पीडतिों का इलाज किया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने लिया है। मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश की जनता को यह सौगात दी गई है। दरअसल विश्वास सारंग ने मंगलवार को भोपाल एम्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान मंत्री ने गैस पीडतिों के कैंसर से ग्रसित होने के बाद एम्स में भी इलाज कराने का फैसला किया है। जिसके बाद भोपाल के निजी अस्पतालों के साथ अब एम्स में भी कैंसर से ग्रसित गैस पीड़ितों का इलाज किया जाएगा। मंत्री ने इस फैसले के बाद बताया कि गैस पीड़ितों में बड़े स्तर पर कैंसर की शिकायतें मिल रही है। गैस पीडतिों का इलाज प्रदेश सरकार सुचारू रूप से कर रही है। यहां के निजी अस्पतालों में भी इलाज कराया जा रहा है। लेकिन आज एम्स के अधिकारी के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित किया है कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ितों का इलाज एम्स में भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार चिकित्सा मंत्री के साथ हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह, एम्स सुपरिटेंडेंट मनीषा श्रीवास्तव, गैस राहत विभाग के प्रमुख सचिव करलिन खेन्गवार देशमुख और गैस राहत संचालक बसंत कुर्रे मौजूद रहे।

# कांग्रेस को हमारी सरकार पर उंगली उठाने का कोई हक नहीं है: नरोत्तम मिश्रा ने बोला हमला

**भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार द्वारा लिए गए कर्ज पर अब सियासत शुरू हो गई है। सरकार ने बीते दो सप्ताह के अंदर 4 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया है जिस पर कांग्रेस ने निशाना साधना शुरू कर दिया है। लेकिन इन आरोपों पर भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को आड़े हाथों लिया है।**



दरअसल सरकार के कर्ज लेने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट किया था। जिसे लेकर गृह मंत्री ने नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि च्कांग्रेस को हमारी सरकार पर उंगली उठाने का कोई हक नहीं है। कांग्रेस की 15 महीने प्रदेश में सरकार रही। और उस दौरान कमलनाथ द्वारा 15,000 करोड़ का कर्ज लेकर आइफा अवॉर्ड करवाया जाना था। कांग्रेस की सरकार ने जैकलीन और सलमान पर खर्च करने का प्लान बनाया था। नरोत्तम मिश्रा ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ झूठ बोलने का काम किया है, चाहे वो कर्ज माफी हो या बेरोजगारी हो।कांग्रेस को उंगली उठाने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन भाजपा सरकार मध्य प्रदेश को विकासशील से विकसित प्रदेश बनाने के लिए सरकार कर्ज ले रही है। साथ ही किसान को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। लेकिन कमलनाथ ने तो सलमान और जैकलीन पर खर्च करने के लिए लोन लिया था।

सुकेश चंद्रशेखर का पत्र वायरल, लोकसभा चुनाव लड़ने से लेकर जैकलीन संग रिश्तों पर किया खुलासा बता दें कि सरकार के कर्ज लेने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा था। और कर्ज की वर्तमान स्थिति पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की थी। उन्होंने लिखा कि शिवराज सरकार प्रदेश को निरंतर कर्ज के दलदल में धकेलती जा रही है। दो सप्ताह में 4 हजार करोड़ का कर्ज, ऐसा लग रहा है कि जिस प्रकार प्रदेश का कर्ज बढ़कर तीन लाख करोड़ को पार कर चुका है। उन्होंने आगे लिखा था कि जनता की गाढ़ी कमाई के खजाने को शिवराज सरकार इवेंट, आयोजन, खुद के प्रचार-प्रसार व महिमामंडन पर जमकर उड़ा रही है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वो मध्यप्रदेश सरकार के कर्ज की वर्तमान स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे ताकि जनता को प्रदेश की आर्थिक स्थिति के वास्तविक हालातों का पता चल सके।

## राज्य और केंद्र के कर्मचारियों के भतों में अंतर क्यों...?

# राज्य कर्मचारियों का हो रहा दोहरा नुकसान

### केंद्र के समान दिए जाये भत्ते

**पनागर, यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महामोर्चे के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन अपने कर्मचारियों को 14 साल पहले के छठवें वेतनमान के मान से गृह भाड़ा भत्ता प्रदान कर रही है। कर्मचारियों को 7 वां वेतनमान दिनांक 1 जनवरी 2016 से प्रदान कर दिया गया परन्तु अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते 7 वें वेतनमान के अनुरूप नहीं दिए जा रहे हैं।**

जो भत्ते प्राप्त हो रहे हैं वह वर्ष 2006 के वेतनमान के अनुसार देय हो रहे हैं जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को समस्त भत्ते वर्ष 2016 के अनुरूप दिए जा रहे हैं। जिससे राज्य और केंद्र शासन के कर्मचारियों में भत्ते का बहुत अंतर हो गया हैं और राज्य शासन से प्राप्त गृह भाड़ा में तो मकान किराये पर मिलना भी असंभव है, महंगाई 2006 के बाद से चरम सीमा पर पहुँच गयी हैं और आज तक कर्मचारियों को प्राप्त छठवें वेतनमान के भत्ते ऊंट के मुँह में जीरे के बराबर हैं। कर्मचारी प्रतिमाह 3000 से 5000 रूपये तक मकान किराये के रूप में अपने वेतन से दे रहा हैं जो प्रतिवर्ष लाख रूपये के करीब हो जाता हैं और इस मकान किराये पर इनकम टैक्स छूट भी नहीं मिलती परिणाम स्वरूप कर्मचारियों को दोहरा नुकसान हो रहा है।शासन का कर्मचारियों के भत्ते ना प्रदान करने से अत्यधिक रोष व्याप्त है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महामोर्चे के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर,हेमंत ठाकरे,श्याम रजक,राजू डेहरिया, आर पी खनाल,जी आर झारिया,ऋषि पाठक,विश्वनाथ सिंह,समर सिंह, सुरेन्द्र परसते,अजय श्रीपाल, दशरथ मरावी,,नरेंद्र उइके,भोगीराम चौकसे, नितिन तिवारी,धर्मेंद्र परिहार,आसाराम झारिया,रामदयाल उइके, अमर सिंह, पवन सोयाम, रामकिशोर इपाचे,मदन पान्द्रो,आकाश भील, आदेश विश्वकर्मा, ब्रजवती आर्मो,अम्बिका हँतिमारे,भागीरथ परसते, योगिता नंदेश्वर, पूर्णिमा बेन,जागृति मालवीय,सुमिता इंगले, शायदा खान,रेनू बुनकर,अर्चना भट्ट, गीता कोल, राजेश्वरी दुबे, सरोज कोल, राजेंद्र प्रधान, देवसिंह भवेदी,दुर्गेश खातरकर,राकेश मून,,अफ़रोज़ खान,बलराम मरावी,राजकुमार नेमा, नारायण दास, भेजम सिंह, वीरेंद्र सिंह, केशव प्रसाद, प्रीति पटेल,चम्मू सिंह, संध्या चौरे, पवन नामदेव, रश्मि सोनी, संजय चौबे, वंदना गिरदोनियाँ, परवेज़ खान, माया करते, दौलत सिंह, रेवाराम प्रजापति, रुपकुमार पटेल, सपना रजक, एन पी प्यासी, नरेश कुशवाहा,शिव पटेल, नरेंद्र महाले, मीणा परते, अतुल झारिया, रंजना सूर्यवंशी, पवन शुक्ला, जैस्मिन, देवेंद्र उपाध्याय, सुमिता इंगले, शायदा खान, प्रेमवती सोयाम, देवी सिंह भवेदी, मनोज कोल, मनोज साहू भास्कर गुप्ता,ऋषि पाठक,आसाराम झारिया,विश्वनाथ सिंह, आकाश भील,कमलेश दुबे,भोगीराम चौकसे, गंगाराम साहू, समर सिंह, नितिन तिवारी, अजब सिंह, इमरत सेन,अरविन्द दीक्षित, क्रिस्टोफर नरोन्हा,आदेश

### सी एम हाउस से किया पत्राचार

विश्वकर्मा,चंद्रभान साहू, धर्मेंद्र परिहार, विशाल सिंह, सुधीर अवधिया, राशिद अली,अनुपमा तिवारी, रजनी गुप्ता,नीलम,ममता मिश्रा,आरती ठाकुर,रौशनी महोबिया,दीपशिखा श्रीवास,नीतू श्रीवास्तव,नीतू जैन, प्रभा यादव, सुषमा श्रीवास्तव,चंद्रकली, सरिता सहाय, दुर्गा पटेल, सावित्री कश्यप, कामिनी पुणेकर, माधुरी शर्मा, गरिमा विश्वकर्मा, अनीता उइके, करिश्मा राजदान, सविता समुंद्रे, कीर्ति आर्मो, माया मजूमदार, शिखा सोनेवाल, अरुणा अग्रवाल, रामकली पुरते,,भारती बसेड़िया,सतीश दुबे,आशीष कोरी, पंकज हल्दकार,देवेंद्र राजपूत सुधीर, सौरभ, डेलन सिंह,मोदित रजक, जीतेन्द्र रजक, ब्रजेन्द्र तिवारी,वीरेंद्र झारिया वीरेंद्र श्रीवास, नीलेश कोरी,नारायण दास, डालचंद पासी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी से मांग की और मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्राचार कर 7 वें वेतनमान के अनुरूप भत्ते प्रदान करने को कहा है।

# सुदामा चरित्र की कथा चोरी करके भक्तों को हुआ सच्ची मित्रता का ज्ञान



**पनागर, यशभारत।** जलगांव पागल पुरी महाराज के आश्रम में चल रही भागवत कथा के सातवें दिन पूज्य सोनम मिश्रा जी ने कहा कि यदि सच्ची मित्रता को देखना है और समझना है तो श्री सुदामा जी की कथा को सुनना होगा । सुदामा जी से बढ़कर कोई दूसरा मित्र नहीं है। जो अपने मित्र के हिस्से की गरीबी को भी खा जाए वही तो सच्चा मित्र है आपको कथा अधूरी मालूम है ? सुदामा जी ने जो चने खाए थे, वह चने करीरी वाले शनि और गुरु माता ने बताया कि यह चने गुरुजी गरीबी वाले हैं, जो इसको खाएगा इसके खाने से वह गरीब हो जाए जैसे गुरु माता ने बताया गुरु माता ने कहा कि यह चने मैंने तुम्हें और कृष्ण के हिस्से में रखे हैं जो 20 चनों को खाएगा वह गरीब हो जाएगा। सुदामा जी ने कहा कि यह बात आप कृष्ण को नहीं बताना । मैं भले गरीब हो जाऊं पर मेरा मित्र गरीब नहीं होना चाहिए । और उन्हीं चनों को सुदामा जी ने खाया जिसके कारण सुदामा जी इतने निर्धन और गरीब हो गए । सुदामा जी गरीब है , पर दरिद्र नहीं है , दरिद्र वह होता है । जो भगवान को भूल जाए सबसे बड़ा भाग्यहीन वही है। और सबसे बड़ी विपत्ति वही है जो भगवान को भूल जाएं । और कथा के माध्यम से कथा के सातवें दिन धूमधाम से मनाई गई ब्रज की फूलों की होली जिसमें हजारों की संख्या में भक्त सम्मिलित हुए ।

### पेंशनर समाज पनागर का दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन

**पनागर, यशभारत।** पेंशनर समाज ब्लाक पनागर का दीपोत्सव कार्यक्रम छोटेलाल स्मृति भवन में अध्यक्ष वही.पी.मिश्रा म.प्र.ब्लाक शाखा पनागर की अध्यक्षता में दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी पेंशनरों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का गान कर कार्यक्रम बड़े हर्षउल्लास के साथ बनाया गया जिसमें जे.एस.राठौर,जी पी अवस्थी,डॉ. धर्मेश मिश्रा,माधव प्रसाद शुक्ला, रविशंकर व्यास,रामदत्त तिवारी सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

## स्थापना दिवस में किया पौधारोपण



पनागर, यशभारत। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सोहन दाहिया पनागर नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तुलसीराम बंशकार व सचिव ओंकार दाहिया,रवि बोहत सहित सदस्यों ने भगत सिंह वार्ड स्थित बालेहा तालाब में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें वार्ड के वरिष्ठ सोनेलाल बंशकार,पार्षद मुकेश बंशकार, राजकुमार बंशकार, राहुल ठाकुर,सुमित बंशकार, सूरज तिवारी,महिपाल पानद्रो,गुलाब बंशकार,बेड़ी साहू, नारायण बंशकार,सुलेमान खान, सतीश शर्मा,बेड़ी बंशकार सहित सभी का सहयोग रहा।

## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**गोटेगांव, यशभारत।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन कर संस्था प्राचार्य कमलेश तिवारी ने शुभारंभ किया बहन अनुष्का दीक्षित कक्षा पंचम की छात्रा ने अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक की जानकारी प्रस्तुत की मध्य प्रदेश के गीत में अनुष्का दीक्षित ने वाहवाही लूटी संस्था प्राचार्य भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर छोटे नन्हे मुन्ने भैया बहनों से हमारा चुनाव लगभग 78 10 वर्षों तक रहता है इनके बीच हम अपनी बात रख कर इनसे उन्होंने भैया बहनों को शपथ दिला कर कहा कि प्रतिदिन हम विद्यालय आएंगे ऐसा सभी से आग्रह किया बहन वंशिका पटेल भारत माता की चित्र का सजीव चित्रण कर रही थी कक्षा पंचम के भैया बहनों जिन्होंने त्रैमासिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए उनको आज पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता व्याख्याता राम सिया मिश्रा संजय जैन किशोर शुक्ला माया किरण कल्पना चौरसिया तुलसा नामदेव सविता राजपूत दीपिका पटेल सुलेखा सोनी अर्चना श्रीवास्तव ज्योति दुबे निशा पटेल पूजा यादव सहित सभी सरस्वती परिवार मौजूद रहा।

# ब्लॉक कांग्रेस द्वारा ग्राम डिडवारा में आयोजित हुई गांधी चौपाल

### कांग्रेस के नेता सहित आम जनमानस हुए शामिल




**गोटेगांव, यशभारत।** जिला मुख्यालय में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव है चुनाव को लेकर सभी पार्टी अपनी कमर कस चुकी है और अभी से जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है। अगर बात कांग्रेस की करें तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एक और भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर शहर एवं ग्रमीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर नरसिंहपुर विधानसभा के ग्राम डिडवारा में गांधी चौपाल का आयोजन किया गया।इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्मजयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया, चौपाल कार्यक्रम में वर्तमान सरकार की खोखली नीति एवं झूठी घोषणाओं, और भारत की स्वतंत्रता में कांग्रेस पार्टी के अद्वितीय योगदान से जनता को रुबरु कराया गया।जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्षद्वय नरेंद्र राजपूत, प्रताप गुमास्ता, जनपद अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष कनछेदी पटेल, चंद्रप्रकाश यादव, पार्षद बॉबी खान, अस्सु नेमा, मुकेश कटारे, आशीष राजवैद्य, रोहित पटेल आदि ने अपने विचार रखें।कार्यक्रम समन्वयक अजय दुबे ने बताया कि गांधी चौपाल का उद्देश्य आम जनमानस को गांधी जी के विचारों से जोड़ना एवं गांधी जी के सिद्धांतों को गांव गली तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है । इसके अलावा नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से गांधी जी के विचारों के प्रति लोगों को जागरुक करना सहित खेती-बाड़ी पेयजल एवं सिंचाई के साधन गांव की साफ-सफाई स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समस्याओं इत्यादि पर सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने गांव के धार्मिक स्थानों पर पूजा-अर्चना देश भक्ति एवं स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित लघु फिल्मों का प्रदर्शन जैसी कई गतिविधियां इस पूरे गांधी चौपाल का प्रमुख उद्देश्य है । आज के कार्यक्रम की तरह आने वाले दिनों में भी विभिन्न गांव में इस तरीके के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र नेमा पार्षद मुकेश कटारे, आशीष राजवैद्य, नारायण महोबिया, बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, राजू राजपूत, संदीप मुदलियार, एडवोकेट संजय राजपूत, सुनील श्रीवास्तव, जग्गी सोनी, भवानी कोष्टी, युवा कांग्रेस से अतुल चौरसिया, अचिन श्रीवास्तव, ईशान राय, अंकुर बटरी, प्रियंक कहार, अभिषेक प्रजापति, गोल्डी खान, अभिषेक गुप्ता, संजय मेहरा, शुभम ठाकुर, अनूप शुक्ला, गौरव ताम्रकार, अंकित पटेल, अभिषेक चौधरी, आरिफ खान, समीर खान, आयुष राय सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

# नगर में डबल गैस एजेंसी की मांग

**गोटेगांव, यशभारत।** विगत कई वर्षो से नगर में एक और दूसरी गैस एजेंसी की मांग गैस उपभोक्ताओं द्वारा एवं आसपास की ग्रामीण जनता द्वारा की जा रही है।जिससे नगर एवम ग्रामीण क्षेत्रों की जनता से जुड़ी समस्याएं समाप्त हो जाये।प्रायः देखा गया है कि जिले में कई स्थानों पर डबल गैस एजेंसियां संचालित हैं परन्तु गोटेगांव नगर का दुर्भाग्य ही है कि यहां पर एक ही गैस एजेंसी कार्यरत है जिस प्रकार केंद्र सरकार हर दो पांच दस किलोमीटर पर पेट्रोल पंप खुलवा रही है तो फिर एजेंसियां खुलवाने में केंद्र सरकार को क्या परेशानी है।जनता की परेशानी यदि केंद्र सरकार समझती तो नरसिंहपुर जिले की सभी तहसीलों में गैस की डबल एजेंसियां संचालित होती जिससे जनता की समस्याओं का बहुत कुछ निराकरण हो पाता।जगह जगह पेट्रोल पंप खुलने से वाहनचालकों ने राहत की सांस तो ली है परन्तु गैस उपभोक्ता आज भी गोटेगांव शहर में डबल एजेंसी की बड़ी बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं ।यदि भविष्य में गोटेगांव शहर में दूसरी गैस एजेंसी स्थापित होती है तो ग्रामीण क्षेत्र और नगर की जनता जो डबल एजेंसी की मांग कर रही है उसे काफी हद तक गैस सिलेंडरों की समस्या से निजात मिल सकती है फिर चाहे वह इंडेन या भारत पेट्रोलियम या हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ही क्यों ना हो।वर्तमान की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र सरकार में बैठे जिले के जनप्रतिनिधि इस ओर शीघ्र ही पहल करेंगे ऐसी ग्रामीण जनता व नगर की जनता ने मांग की है।नगर में जनचर्चा है कि दूसरी एजेंसी स्थापित होने से गैस कनेक्शन धारियों और बेरोजगारों को भी राहत मिल सकती है किसी को रोजगार मिलेगा तो किसी को दूसरे कम्पनी का कनेक्शन लेने में लाभ भी होगा।अतः केंद्र में बैठे वरिष्ठ और जबाबदार जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी इस ओर ध्यान केंद्रित करेंगे।और जनता को समस्याओं से छुटकारा दिलाने इस ओर डबल गैस एजेंसी की पहल करेंगे।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे नगर के शासकीय कार्यालय

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में इन दिनों सभी शासकीय कार्यालय कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं इन कर्मचारियों की कमी के कारण ही शासकीय कार्य समय पर नहीं हो पाते और जनता को परेशान होना पड़ रहा है गोटेगांव का शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय तहसील कार्यालय जनपद कार्यालय वन विभाग कार्यालय कृषि विस्तार अधिकारी का कार्यालय मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी शिक्षा विभाग का कार्यालय एवं अनेक ऐसे शासकीय कार्यालय हैं जहां पर कुछ ही मात्रा में कर्मचारी बची है बाकी सभी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुकी है या कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण हो चुका है परंतु शासन इन कार्यालयों में कर्मचारियों की भर्ती ही नहीं कर रही है जिससे गोटेगांव शहर एवं आसपास के ग्रामीणों में मुख्य विषय चर्चा का विषय बनता जा रहा है दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं जनता को सही समय पर सही कार्य होते नहीं दिख रहा है पीडब्ल्यूडी विभाग में भी कर्मचारी कम है कई विभाग ऐसे हैं जो कर्मचारियों की बाट जोह रहे हैं परंतु शासन इन की तरह ध्यान ही नहीं दे रहा है ना कोई भर्ती हो रही है लिहाजा एक व्यक्ति कई ऑफिस में कुछ कुछ घंटे कार्य कर जनता का कार्य संपादित कर रहे हैं उसके बाद भी जनप्रतिनिधि एवं शासन पंगु बना बैठा है शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में तो अभी तक अकाउंटेंट ही नहीं आया है वही नगर पालिका परिषद गोटेगांव का तो अजीब हाल है यह नगर पालिका परिषद दैनिक वेतन भोगियों की असली पर चल रही है यदि नगर पालिका परिषद में 6 या 7 कर्मचारी ही परमानेंट हैं। तो वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी कार्य लिया जाता है यहां पर नगर पालिका में अकाउंटेंट नहीं है जिससे समय पर किसी का भुगतान ही नहीं हो पाता है शासन की नजरें कर्मचारियों की कमी पर कभी नहीं जाती जिससे उक्त समस्या निर्मित हो रही है साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में भी कर्मचारियों की कमी है जिसकी भरपाई करना शासन का कार्य है सभी को स्वास्थ्य का लाभ मिले यह घोषणा तो मध्यप्रदेश शासन करता है परंतु स्वास्थ्य विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कर्मचारियों की कमी होना लापरवाही दर्शाता है एक ऐसा ही गोटेगांव या नरसिंहपुर जिला ही नहीं अपितु समूचे मध्यप्रदेश में कर्मचारियों का टोटा बना हुआ है शासन इस ओर कब ध्यान देगा। जनता शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी के कारण बेहद परेशान हो रही है नगर वासियों एवं ग्राम वासियों ने शासन से अपेक्षा की है कि जिन विभागों में अधिकारी या कर्मचारी कम हो या कमी बनी हो उन्हें शीघ्र

# रेलवे द्वारा सेवानिवृत्ति पर 9 करोड़ रूपये का भुगतान करके दी बिदाई

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत 26 रेल सेवको को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर सामान्य सेवा निवृति प्रदान की गयी. मंडल की सेवा से निवृत होने वाले रेल कर्मचारियों के अंतिम भुगतान हेतु डी.आर.एम. श्री विवेक शील के निर्देशानुसार अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पाण्डेय, अवधेश तिवारी द्वारा सभी सेवानिवृत हो रहे स्टाफ को नो करोड़ 62 लाख रूपये का भुगतान एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से किया गया. इस अवसर पर श्री गुप्ता ने बिदा लेते उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता पी.के. पालीवाल सहित रेल कर्मचारी सी.एम.आई. सुधीर गुप्ता, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक सतना अशोक यादव, स्टेशन मास्टर पिपरिया, मुख्य कार्यालय अधीक्षक दिलीप कुमार पाल चौधरी, ई.सी.सी. बैंक के संतोष उसरेठे, गजराज पॉइंट्स मेन सहित अन्य कर्मचारीयों को उनके स्वस्थ एवं दीघ्र जीवन की कामना की. सेवानिवृति समारोह के उपरांत बिदा लेते सभी रेलवे स्टाफ को उनके परिजनों द्वारा ढोल बजाकर एवं मालाये पहनाकर खुशी -खुशी अपने साथ ले गए.

## रेलवे में सतर्कता सप्ताह के तहत सेमीनार आयोजित




**जबलपुर यशभारत*** रेलवे के कार्य को सभी अधिकारी पूर्ण पारदर्शिता एवं रेलवे के नियमानुसार समय पर करे तो इससे सभी प्रकार की अनियमित्ता को रोका जा सकता है. इस आशय के विचार रेल सतर्कता सप्ताह के तहत जबलपुर मंडल में आयोजित सतर्कता सेमीनार में वक्ताओ ने कहे. मंडल कार्यालय में आयोजित उक्त सतर्कता सेमीनार का शुभारंभ डी.आर.एम. विवेक शील ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर आयोजित सतर्कता सप्ताह के तहत किया गया. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी संदीप जैन, अरुण कुमार, बसंत शर्मा, यू.के.सिंह, श्री भवर सिंह सहित मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे. सतर्कता सेमिनार में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन द्वारा मंडल की उपलब्धियों तथा पारदर्शिता पूर्ण कार्यप्रणाली की जानकारी वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा ने दी. इस अवसर पर डी.आर.एम. श्री विवेक शील ने रेलवे के कार्यो में पारदर्शिता को सर्वोच्च स्थान देने की बात करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार सिर्फ रुपयों से नहीं होता बल्कि आपकी कार्यशैली, पारदर्शिता को भी स्वच्छ रखना आवश्यक है जिससे कि रेलवे के क्षेत्र से इसे मिटाया जा सके. इस अवसर पर मंडल के शाखा अधिकारी सर्वश्री सुबोध विश्वकर्मा, डॉ. मंजू नाथ, अभिराम खरे,विश्व रंजन, जी.पी.सिंह, संजय मनोरिया, मनीष पटेल, एम.के.जैन, देवेश सोनी सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षक कर्मचारी भी उपस्थित थे. सेमीनार के अंत में सहायक कार्मिक अधिकारी श्री अरविन्द पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया. सतर्कता सप्ताह के तहत तीसरे दिन आज 02 नवम्बर को भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे के स्कूल लोको तलैया, मालगोदाम एवं न्यू कटनी जंक्शन में विद्यार्थियों के बीच आयोजित है.

## एसपी ने संबोधित करते हुए कहा प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग का रीड की हड्डी



डिंडौरी, यशभारत। मंगलवार को रक्षित केंद्र डिंडोरी में पुलिस अधीक्षक संजय सिंह द्वारा अभी हाल में ही आरक्षक से पदोन्नत हुये प्रधान आरक्षको के इंडक्शन कोर्स का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम द्वारा प्रधान आरक्षको को कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस इंडक्शन कोर्स के डायरेक्टर निरीक्षक राजेन्द बिसेन को बनाया गया है, साथ ही सूबेदार कुंवर सिंह को कोर्स प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा शुभारम्भ उपरान्त सभी प्रधान आरक्षको को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधान आरक्षक हमारे पुलिस विभाग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पद है थानों के लिए यह पद थाने की रीड की हड्डी की तरह कार्य करता है। शुभारम्भ के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रधान आरक्षको का मेडिकल जिला अस्पताल डिण्डौरी से कराये जाने हेतु आदेशित किया। एक माह तक चलने वाले इस इंडक्शन कोर्स में प्रधान आरक्षको को नियमित योग, खेल कूद इंडोर क्लासेज के साथ-साथ फिजिकल फिटनेस हेतु नवीन जिम की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडोरी जगन्नाथ मरकाम उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ विजय गौठरिया, अनु अधिकारी पुलिस आकांक्षा उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक संध्या ठाकुर, यातायात थाना प्रभारी राहुल तिवारी, प्रभारी नक्सल सेल राजेंद्र बिसेन, प्रभारी जेएनवी शाखा उप निरीक्षक उमा शंकर यादव,एवं सूबेदार कुंवर सिंह उपस्थित रहे।

## दो दर्जन ट्रेनें होगी निरस्त, संपर्क क्रांति सतना और राजकोट चलेगी इटारसी मार्ग से

जबलपुर रेल मंडल के सागर मार्ग पर अंतिम स्टेशन मालखेड़ी से करोड स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य नवंबर माह के दूसरे सप्ताह से प्रारंभ किया जा रहा है जिसके चलते रेल प्रशासन ने लगभग 24 यात्री गाड़ियों का परिचालन निरस्त किया है इसके साथ ही कुछ गाड़ियों के मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं ।उक्त दोहरीकरण कार्य के हो जाने से इस रेल खंड में ट्रेनों का परिचालन सुगमता से हो सकेगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन ने बताया की मालखेड़ी से गुना रेलखंड पर रेल प्रशासन द्वारा आगामी 11 नवंबर से 18 नवंबर की अवधि के बीच में रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण हेतु नान इंटरलॉकिंग का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्य के प्रारंभ होने से जबलपुर मंडल से चलने वाली इटारसी भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस तथा बीना से कटनी चलने वाली मेमू ट्रेन 11 नवंबर से 18 नवंबर तक निरस्त रहेगी। इसी तरह भोपाल से दमोह के बीच चलने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस भी 10 से 18 नवंबर तथा भोपाल से सिंगरौली के बीच कटनी होकर चलने वाली ट्रेन नंबर 22165को 12 से 16 नवंबर तक एवं रीवा से रानी कमलापति के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 02186 आगामी 12 नवंबर को एवं बिलासपुर से भोपाल के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 18236 को 9 नवंबर से 17 नवंबर तक निरस्त किया गया है। श्री रंजन ने बताया की उक्त मार्ग से गुजरने वाली विभिन्न साप्ताहिक ट्रेन जिसमें प्रमुख रूप से भागलपुर अजमेर, मडगांव कोयना, उदयपुर शालीमार, रीवा उदयपुर, दुर्ग अजमेर, संतरागाछी दुर्ग, निजामुद्दीन दुर्ग, जम्मू तवी दुर्ग ट्रेन को भी रेलवे द्वारा उनके परिचालन के दिनों में निरस्त किया है। इसी तरह जबलपुर से निजामुद्दीन जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस नंबर 12121को 11से16 नवंबर के बीच जबलपुर से कटनी, सतना, झांसी होकर चलाया जाएगा। इसी तरह जबलपुर से कटनी, सागर होकर राजकोट जाने वाली ट्रेन नंबर 11466 राजकोट एक्सप्रेस भी11से18 नवम्बर तक कटनी,बीना मार्ग के स्थान पर जबलपुर से इटारसी, भोपाल होकर चलेगी ।इसी तरह जबलपुर से अजमेर जाने वाली दयोदय एक्सप्रेस नंबर 12181भी 16एवम 17नवम्बर को बीना स्टेशन पर भी रुकते हुए चलेगी। रेल प्रशासन द्वारा अग्रिम आरक्षण करने वाले यात्रियों को उनके द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नंबर पर भी उक्त बदलाव की सूचना प्रेषित की जा रही है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने के पूर्व समुचित जानकारी रेलवे के ऐप अथवा पूछताछ नंबर 139 से प्राप्त करके यात्रा प्रारंभ करें जिससे कि किसी यात्री को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

## टीम इंडिया की घटिया फील्डिंग पर भड़के अजय जडेजा, कप्तान रोहित शर्मा को सुनाई खरी-खोटी



**नई दिल्ली, ईएमएस।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया को अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। इस मैच में टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने जितना निराश किया था, उतना ही गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से दिल खुश किया था, लेकिन फील्डिंग ने भारत को जीत से दूर रखा। मैच के दौरान विराट कोहली से कैच ड्रॉप हुआ तो वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने रनआउट का मौका गंवाया। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने खराब फील्डिंग के लिए कप्तान रोहित को खरी-खोटी सुनाई। क्रिकबज पर जडेजा ने कहा, चपिछली बार जब मैंने सुना था कि टीम इंडिया फील्डिंग को महत्व देने के बारे में बात कर रही है, तब विराट कोहली कप्तान थे।

उन्होंने यह फैसला लिया था कि टीम में वही खिलाड़ी खेलेगा, जो अच्छा फील्डर भी हो। वह अब कप्तान नहीं हैं और कोच भी बदल गए हैं। नए कप्तान रोहित शर्मा फील्डिंग को लेकर परेशान ही नहीं हैं। उनके लिए बैटिंग और बॉलिंग बड़ी चिंता की बात है। तो जो अभी टीम इंडिया खेल रही है, वह उतनी एथलेटिक नहीं है।ज्जडेजा ने इसके अलावा आर अश्विन और मोहम्मद शमी को भी झाड़ लगाई। उन्होंने कहा, च्हमारे पास कौन से फील्डर्स हैं? हमारे पास अश्विन हैं, शमी हैं। गेंदबाजी की बात करें तो दोनों बहुत शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन आप उनसे अच्छी फील्डिंग की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। जब आप टीम चुनते हैं, तो आपको पता होता है कि आपको क्या चाहिए और क्या नहीं चाहिए। तो मुझे नहीं लगता है कि टीम इंडिया ने फील्डिंग को ज्यादा तवज्जो दिया है।

# टीम इंडिया के लिए नॉकआउट जैसा मैच

## बांग्लादेश से आज एडिलेड में भिड़ंत, बारिश की आशंका 60प्रतिशत

एडिलेड, एजेंसी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच हारने के बाद टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में अगर-मगर की स्थिति में आ गई है। इस कारण बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को एडिलेड में होने वाला सुपर-12 ग्रुप-2 मुकाबला काफी अहम हो गया है।



### अब मैच के नतीजे का क्या असर होगा यह जानते हैं

अभी भारतीय टीम 3 मैचों में दो जीत और एक हार के साथ 4 अंक लेकर ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर है। वहीं, बांग्लादेश की टीम भी इतने ही मैचों से 4 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। भारत बेहतर नेट रेट की वजह से अभी बांग्लादेश से आगे है। इस मैच में जीत हासिल कर पर भारत के लिए सेमीफाइनल में प्रवेश की राह काफी आसान होगी। वहीं, हार की स्थिति में बांग्लादेश लगभग बाहर हो जाएगा। इस मुकाबले के बाद बांग्लादेश का आखिर मैच पाकिस्तान से है और भारत को जिम्बाब्वे से खेलना है। भारतीय टीम अगर बांग्लादेश से हार जाती है तो फिर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी। इस स्थिति में आखिरी मैच में जिम्बाब्वे पर जीत के बावजूद भारत के अधिकतम 6 अंक ही हो पाएंगे। ऐसे में पाकिस्तान अगर अपने आखिरी दो मैच जीत लेता है तो उसके भी 6 अंक हो जाएंगे। फिर बेहतर नेट रन रेट वाली टीम को फायदा होगा। भारत की हार की स्थिति में बांग्लादेश के चांसेज भी काफी बढ़ जाएंगे। अगर वह भारत के बाद पाकिस्तान को भी हरा लेते है तो उसके 8 अंक हो जाएंगे। इस सभी स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत के लिए यह मुकाबला एक तरीके से नॉकआउट सरीखा है। हार की स्थिति में भारत के लिए रास्ते काफी सीमित हो सकते हैं।

### अब मौसम का हाल जान लेते हैं

वेदर फॉरकास्ट करने वाली वेबसाइट एक्यूवेदर मुताबिक मैच के समय बारिश की आशंका 30 से 60 फीसदी तक है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में मौसम काफी तेजी से बदलता है। इसलिए आगे बारिश की आशंका ज्यादा भी हो सकती है और कम भी।पिच हो सकती है बैटिंग फ्रेंडलीइस वर्ल्ड कप में अभी एडिलेड में कोई मुकाबला नहीं हुआ है। अगर ऑस्ट्रेलियाई टी-20 लीग बिग बैश को आधार मानें तो यह एक हाई स्कोरिंग ग्राउंड है। यहां रात में होने वाले मुकाबलों में पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 170 रन रहा है। टीम इंडिया के लिए अच्छी बात यह है कि उसने यहां खेले अपने एकमात्र टी-20 मैच में जीत हासिल की है। भारत ने 2016 में यहां ऑस्ट्रेलिया को 37 रन से हराया था।

### दिनेश कार्तिक की चोट ने बढ़ाई कप्तान रोहित शर्मा की टेंशन

आज बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के प्लेइंग 11 में क्या कोई बदलाव देखने को मिलेगा? इस पर सस्पेंस बना हुआ है। भारत को पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद टीम इंडिया की टेंशन थोड़ी सी बढ़ गई है। वहीं दिनेश कार्तिक पिछले मैच में बैक इंजरी से परेशान नजर आए थे और दक्षिण अफ्रीकी पारी के दौरान उन्हें मैदान से लौटना पड़ा था और उनकी जगह ऋषभ पंत ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई थी। एडिलेड ओवल में होने वाले इस मैच से पहले दिनेश कार्तिक प्रैक्टिस सेशन में तो पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने बैक सपोर्ट लगाकर प्रैक्टिस की थी। हेड कोच राहुल द्रविड़ ने मैच से एक दिन पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेन्स में कहा है कि दिनेश कार्तिक के खेलने को लेकर फैसला मैच से पहले ही लिया जाएगा। अब अगर दिनेश कार्तिक नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह ऋषभ पंत का खेलना तय नजर आ रहा है। वहीं दीपक हुड्डा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेइंग ङ्घ में जगह दी गई थी, लेकिन उन्होंने निराश किया था, ऐसे में उनकी जगह अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा फिलहाल टीम इंडिया में कोई बदलाव होता नजर नहीं आ रहा है। टॉप ऑर्डर में केएल राहुल की खराब फॉर्म ने भी टीम मैनेजमेंट का सिरदर्द बढ़ा दिया है, लेकिन हेड कोच राहुल द्रविड़ ने साफ किया कि टीम इंडिया राहुल को बैक करेगी।

## वहाब रियाज का बड़ा बयान- पाकिस्तान टीम सेमीफाइनल में क्वालीफाई करना डिजर्व नहीं करती





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में जारी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में पाकिस्तान की टीम ने तीन मुकाबले खेले हैं, जिनमें से सिर्फ एक में टीम जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। टी20 वर्ल्ड कप के अपने शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ये मैच काफी कांटे की टक्कर का हुआ था, लेकिन जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान की टीम की खूब किरकिरी हुई। फैंस के साथ-साथ पाक क्रिकेटर्स ने भी टीम के शर्मनाक प्रदर्शन को लेकर जमकर आलोचना की। पाकिस्तान के ही तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने टीम के खराब प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए कहा है कि टीम सेमीफाइनल खेलने के लिए डिजर्व ही नहीं करती है। पाकिस्तान द्वारा टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन पर तेज गेंदबाज वहाब रिजाज ने 24 न्यूज से कहा, च्अगर हम अपने क्वालिफिकेशन के लिए दूसरी टीमों पर निर्भर हैं, तो पाकिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना डिजर्व नहीं करती।ज्दरअसल जिम्बाब्वे से हारने के बाद पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लगातार दो मैच हार चुकी थी और ऐसे में टीम को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने के बाद अब दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ रहा है। भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मुकाबले पर भी सभी की नजरें टिकी थी, क्योंकि अफ्रीका के हारने से पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बढ़ जाती, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 5 विकेट से हराकर उसके लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल कर दी है।

## सई को लगी बुरी नजर, आयशा सिंह के हाथ में आई गंभीर चोट



**मुंबई,ईएमएस।** टीआरपी की लिस्ट में ऊपर रहने वाले फेमस शो गुम है किसी के प्यार में की सई यानी आयशा शर्मा ने सोशल मीडिया पर अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग बना ली है। सीरियल में सई का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो चुकीं आयशा शर्मा को लेकर एक बुरी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, आयशा शर्मा के हाथ में चोट आई है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें आयशा सिंह के हाथ में पट्टी बंधी दिख रही है। वायरल हो रही तस्वीर में आयशा शर्मा अपनी ऑनस्क्रीन सासू मां यानी किशोरी शहाणे के साथ नजर आ रही हैं और उनके हाथ में चोट भी दिख रही है। आयशा की इस तस्वीर को किशोरी शहाणे ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर उनके जल्द ठीक होने की कामना की थी। अभी तक ये बात साफ नहीं हो पाई है कि आयशा को हाथ में चोट कैसे लगी है। ये हादसा गुम है किसी के प्यार में के सेट पर हुआ या कहीं और इस बारे में कोई अपडेट नहीं आई है। आयशा की तस्वीर पर फैंस कमेंट कर उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।



## प्रियंका चोपड़ा 3 साल बाद आईं मायके

**मुंबई,ईएमएस।** प्रियंका चोपड़ा करीब तीन साल बाद भारत लौटी हैं। इंडिया आने से पहले ही वह लगातार अपडेट्स दे रही थीं। उनके पोस्ट्स से पता लग रहा था कि वह यहां आने के लिए कितनी एक्साइटेड थी। मुंबई एयरपोर्ट पर भी प्रियंका काफी खुश नजर आईं। उन्होंने वहां मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। वहीं घर पहुंचने पर भी प्रियंका ने कई तस्वीरें शेयर करके बताया कि मायके आकर वह क्या-क्या कर रही हैं। वायरल तस्वीरों में अभी तक उनकी बेटी मालती मैरी नहीं दिखाई दी है।

### कोरोना के बाद पहली बार आई भारत

प्रियंका चोपड़ा कोरोना के बाद पहली बार भारत आई हैं। करीब तीन साल बाद अपने देश लौटकर वह काफी खुश हैं। पीसी ब्लू को-ऑर्ड सेट, वाइट स्नीकर्स में काफी प्यारी लग रही थी। प्रियंका ने फ्लाइट की विंडो से तस्वीर क्लिक करके इंस्टा पर डाली है। इसमें उन्होंने मुंबई की पहली झलक कैप्चर की है। कार से निकलते वक्त सड़क का वीडियो डाला है। इसके साथ कैप्शन दिया है मुंबई मेरी जान। इसके बाद एक तस्वीर में टीवी की क्लिप है जिसमें करण जौहर दिख रहे हैं। वहीं एक और क्लिप में उन्होंने स्नैक्स की फोटो शेयर की है।

### दिल से देसी

भारत आने से पहले प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टा पर पोस्ट किया था, आखिरकार करीब 3 साल बाद घर जा रही हूं। पीसी की बेटी मालती मैरी पहली बार भारत आई हैं। प्रियंका ने अब तक अपनी बेटी की सूरत लोगों को नहीं दिखाई है। दिवाली पर उनकी तस्वीरें वायरल थीं। इन फोटोज में मालती का चेहरा नहीं दिखा था लेकिन वह ट्रडिशनल कपड़ों में दिख रही थीं। प्रियंका चोपड़ा भारत में भले ही न रह रही हों पर इंडिया का हर त्योहार परंपरागत तरीके से मनाती हैं। वर्क फ्रंट पर बात करें तो प्रियंका फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में दिखाई देंगी। मूवी में उनके साथ दीपिका, आलिया और कटरीना भी हैं।

## प्रेग्नेंट आलिया भट्ट से मिलकर उनका बेबी बंप छूना चाहती थीं कटरीना कैफ, बोलीं- वह अभी भी...




मुंबई, एजेंसी। कटरीना कैफ की फिल्म फोन भूत रिलीज होने वाली हैं। फिल्म के प्रमोशन से जुड़े एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि जब वह आलिया भट्ट से मिलीं तो क्या करना चाहती थीं। इस पर कटरीना ने मजेदार जवाब दिया। कटरीना और आलिया दोनों एख ही जिम में जाती हैं। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है। बता दें कि आलिया रणबीर के बच्चे की मां बनने वाली हैं। कटरीना रणबीर की एक्स गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं। दोनों फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ प्रियंका चोपड़ा भी होंगी।

### आलिया का पेट छूना चाहती थीं कटरीना

कटरीना कैफ से पूछा गया कि आलिया भट्ट से मिलने पर उनका पहले रिऐक्शन क्या था। इस पर कटरीना ने बेली पर हाथ रखने का इशारा करते हुए बताया, मैं ऐसे करना चाहती थी। मुझे वह जिम में दिखती है। हां वह लाजवाब है। वह अभी भी जिम में वर्कआउट कर रही है।

### दीपिका और कटरीना भी जाती हैं एक ही जिम

कटरीना से दीपिका पादुकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया, मुझे वह भी जिम में मिलती हैं। दरअसल हम एक ही जिम में जाते हैं। कटरीना ने बताया कि उन्होंने हाल ही में दीपिका का जिम करते हुए वीडियो रिकॉर्ड किया और उन्हें भेजा था। बता दें कि दीपिका पादुकोण भी रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड हैं। रणबीर दीपिका अब अच्छे दोस्त हैं। रणबीर की वाइफ आलिया और उनकी दोनों एक्स-गर्लफ्रेंड्स के बीच भी अच्छी दोस्ती है। ये भी पढ़ें- ढ्ढद्बद्द क्चशह्यह्य में कटरीना के बदले लुक्स को देख फैंस बोले, खूबसूरत चेहरे को क्यों बिगाड़ा?

### शादी के बाद आ रही है पहली फिल्म

कटरीना कैफ ने विकी कौशल से करीब दो साल डेटिंग के बाद बीते साल दिसंबर में शादी की है। दोनों ने अपने फैन्स और मीडिया से अफेयर और शादी छिपाने की काफी कोशिश की थी हालांकि खबरें लीक होती रहीं। शादी के बाद कटरीना टाइगर 3 की शूटिंग कर चुकी हैं। अब उनकी फिल्म भूत फोन 4 नवंबर को रिलीज होने जा रही है।

## इंटीमेट सीन क्यों नहीं करती हैं ऐश्वर्या राय? जब एक्ट्रेस ने दिया इस सवाल का जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है। कभी एक मॉडल के तौर पर काम करती रहीं ऐश्वर्या राय बच्चन ने न सिर्फ फैंस के दिल बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी अपना जलवा कायम किया। लेकिन ऐश्वर्या राय विरले ही कभी किसी फिल्म में बोल्ड या इंटीमेट सीन करती नजर आईं।

### रिपोर्टर के सवाल पर भड़कीं

ऐश्वर्या राय बोल्ड सीन क्यों नहीं करतीं? यह काफी अजीब सवाल है, लेकिन एक बार एक जब ऐश्वर्या राय से खुले शब्दों में यह सवाल पूछ दिया गया तो वह काफी भड़क गई थीं। यह सवाल ऐश्वर्या राय बच्चन से कान फिल्म फेस्टिवल में पूछा गया था जहां वह अपनी फिल्म च्द पिंक पैंथर 2ज्का प्रमोशन करने पहुंची हुई थीं।

### क्या था जवाब?

रिपोर्टर ने ऐश्वर्या राय से पूछा कि वह फिल्मों के लिए अपने कपड़े उतारने या फिर इंटीमेट सीन करने को लेकर कंफर्टेबल क्यों नहीं हैं? इस पर ऐश्वर्या राय बच्चन ने कहा कि मैंने ना तो कभी पर्दे पर इंटीमेसी और न्यूडिटी एक्सप्लोर की है और न ही इसे एक्सप्लोर करने में मेरी कोई दिलचस्पी है। लेकिन रिपोर्टर बस यहीं पर नहीं रुका।

### रिपोर्टर हो वही रहो, गायनोकोलॉजिस्ट मत बनो

इसके आगे जब रिपोर्टर अपने सवाल को और ज्यादा विस्तार से पूछने लगा तो ऐश्वर्या राय ने कहा, च्मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं किसी गायनोकोलॉजिस्ट से बात कर रही हूं। तुम जर्नलिस्ट हो भाई वही रहो।ज्ऐश्वर्या राय के इस सवाल ने सबका दिल जीत लिया था और करोड़ों लोगों ने उनके इस अंदाज में रिपोर्टर को चुप कर देने की तारीफ की थी।

## संभागीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता जबलपुर का जलजला

**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के मार्गदर्शन में संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी 14 सत्रह 19 वर्ष बालक बालिका में जबलपुर ने शानदार प्रदर्शन किया। स्थानीय रानीताल खेल परिसर आयोजित समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विनय सक्सेना के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला खेल अधिकारी संतोष सिंह राजपूत, साई प्रशासक कुलदीप बरार ,जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया ,चंदा सोनी शालेय खेल अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे जिनका आयोजन समिति की ओर से पुष्प मारो स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव जिला कबड्डी संघ सचिव दिनेश ठाकुर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम 17 वर्ष से कम 19 वर्ष से कम तीनों वर्गों में 14 वर्ष बालक विजेता जबलपुर उपविजेता छिंदवाड़ा 19 वर्ष बालिका विजेता जबलपुर विजेता छिंदवाड़ा 17 वर्ष बालिका विजेता जबलपुर 19 वर्ष बालक विजेता नरसिंहपुर 17 वर्ष बालक विजेता बालाघाट को पुरस्कृत किया गया।मैच संपन्न कराने में पुष्पा रघुवंशी मनजीत सामल प्रभु लाल यादव जितेंद्र सिंह नीतू सिंह नितिन रैकवार हेमलता तिवारी रोशनी कुशवाहा आदि ने बखूबी निभाया।

## इंदौर में भी मनेगा पलक मुछाल की शादी का जश्न, होटल सयाजी में होगा रिसेप्शन

इंदौर, ईएमएस। फेमस प्लेबैक सिंगर पलक मुछाल 6 नंवबर को मुबंई में म्यूजिक कंपोजर मिथुन शर्मा के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। शादी के लिए तीन दिन के लिए एक बड़े होटल को बुक किया गया है। पलक मुछाल मूल रूप से मध्यप्रदेश की रहने वाली हैं। इंदौर शहर में वह पली-बढ़ी हैं। इंदौर में 50 से ज्यादा रिश्तेदारों और परिचितों को पलक की शादी के कार्ड मिले हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने पलक के शुरुआती दिनों में पलक के साथ स्टेज शो किए और पलक के सिंगिंग करियर को बढ़ाने में मददगार बने। पलक और मिथुन शर्मा की शादी का रिसेप्शन इंदौर के सयाजी होटल में भी होगा। जिसमें करीब पांच सौ मेहमान शामिल होंगे।

### महिला संगीत में होगा धमाल

4 नवंबर को मेंहदी और हल्दी का आयोजन होगा, जबकि 5 नवंबर को महिला संगीत होगा। इसमें पलक के साथी सिंगर अरिजीत सिंह, श्रेया घोषाल, नेहा कक्कड़, अंकित मिश्रा भी शामिल हो सकते हैं और अपनी दोस्त पलक के लिए अपने अंदाज में शादी की बधाई देने वाले हैं। यह दोनों प्रोग्राम मुंबई के मेरिएट होटल में होंगे, जबकि 6 नवंबर को सहारा इंटरनेशनल होटल में रिसेप्शन होगा। जिसमें मुंबई की फिल्मी हस्तियां, म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े लोग शामिल होंगे।

### सलमान खान भी हो सकते हैं शामिल

पलक सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं। उनके सिंगिंग करियर को एक्टर सलमान खान ने संवारा है। पलक के रिसेप्शन में अभिनेता सलमान खान के शामिल होने की भी उम्मीद है। शादी के लिए इंदौर से मुछाल परिवार से जुड़े कुछ रिश्तेदार मुंबई पहुंच चुके हैं। शादी के ज्यादातर कार्ड बांटे जा चुके हैं। मुंबई में पलक-मिथुन की शादी के बाद इंदौर में होने वाले रिसेप्शन के कार्ड बांटे जाएंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# लाड़ली लक्ष्मी योजना



## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

लाड़लियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रथम बार

**प्रोत्साहन राशि का वितरण**

## लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0

**₹ 1 लाख 43 हजार** की राशि का आश्वासन

पहली कक्षा से लेकर स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम तक **नि:शुल्क शिक्षा**

स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर **₹ 25 हजार** की प्रोत्साहन राशि



# अपना मध्यप्रदेश

## 43 लाख से अधिक लाड़लियों का प्रदेश

मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

02 नवम्बर, 2022 | अपराह्न 02:30 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल

D-11134/22

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022